श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 218, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 7 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## जी20 सम्मेलन की सुरक्षा करेगा सेना का काउंटर ड्रोन

### बम डिफ्यूजल स्क्वॉड-स्निफर डॉग भी तैनात

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** में 9-10 सितंबर को होने वाली जी20 समिट की सुरक्षा भारतीय सेना का खोजी दस्ता और बम निरोधक दस्ता करेगा। सेना सूत्रों के मुताबिक सेना ने ड्रोन के जरिए होने वाले संभावित हमलों को रोकने के लिए काउंटर-ड्रोन सिस्टम भी तैनात किया है। इसके अलावा जी20 सम्मेलन के 2 दिनों तक चलने वाले मुख्य आयोजन में दिल्ली पुलिस के जवानों और वॉलेंटियर्स समेत 40 हजार लोगों की ड्यूटी लगाई गई है। उधर, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी राष्ट्रपति के जी20 डिनर में शामिल होंगी। डिनर 9 सितंबर को होना है।

**एमसीडी ने 3 हजार से ज्यादा पोस्टर हटाए**

दिल्ली नगर निगम एमसीडी ने सौंदर्यीकरण



अभियान के तहत दीवारों और मकानों-दुकानों, फ्लाईओवर की दीवारों समेत कई जगहों से 3,254 पोस्टर हटाए। इसके




अलावा आठ जगहों स्क्रैप मैटेरियल से बनी स्टेच्यू लगाई गई हैं। इसके अलावा पब्लिक वॉल्स पर भारत की सांस्कृतिक विरासत और चंद्रयान-3 की सॉफ्ट-लैंडिंग वाले म्यूरल्स लगाए हैं। एमसीडी ने एक बयान में कहा है कि इस दौरान 1651.5 मीट्रिक टन मलबा और डिमोलिशन वेस्ट भी हटाया गया है।

**भारत मंडपम में लगी 27 फुट की नटराज प्रतिमा, 12 करोड़ और 7 महीने में तैयार हुई**

मूर्तिकार राधाकृष्ण स्थापति ने बताया कि 18-20 टन वजनी नटराज की ब्रॉन्ज स्टेच्यू बनाने के लिए लॉस्ट-वैक्स कास्टिंग मैथड का इस्तेमाल किया गया है। इस मूर्ति को पूरा करने में 100 से ज्यादा कलाकारों को सात महीने और लगभग 3.25 लाख घंटे लगे। इसे बनाने में लगभग 10-12 करोड़ का खर्च आया। चोल कालीन लॉस्ट-वैक्स कास्टिंग मैथड (मधुच्छिष्ट विधान) का इस्तेमाल सिंगल पीस मूर्तियां बनाने के लिए किया जाता है, जिसका मतलब है कि नटराज की मूर्ति में कोई वेल्डेड हिस्सा नहीं है।

दुनिया की सबसे बड़ी 27 फीट की नटराज प्रतिमा बनाने में 'अष्ट-धातु' (तांबा, जस्ता, सीसा, टिन, चांदी, सोना, पारा और लोहे का मिश्रण) का इस्तेमाल हुआ है। सरकार ने 7 सितंबर से 10 सितंबर तक सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है। लेकिन, शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को इस दौरान शहर में ही रहने की हिदायत दी गई है, ताकि किसी भी संभावित आवश्यकता को पूरा करने के लिए वे उपलब्ध रहें। दिल्ली गवर्नमेंट के सर्कुलर में कहा गया है कि सभी कर्मचारियों को फोन पर उपलब्ध रहना होगा। इस बीच उन्हें किसी तरह की बाहरी छुट्टी नहीं दी जाएगी, क्योंकि किसी भी वक्त उनकी जरूरत पड़ सकती है।

## अयोध्या बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक हब



**लखनऊ**

राम नगरी अयोध्या...सज रही है। संवर रही है। 5-10 हजार करोड़ नहीं, बल्कि 32 हजार करोड़ से। इसमें राम लला के मंदिर की लागत अलग है। सरकार का टारगेट अयोध्या को दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन हब बनाने का है। यह इसी से समझा जा सकता है कि खुद पीएम नरेंद्र मोदी इस पूरे प्रोजेक्ट पर नजर रखे हुए हैं। मंगलवार को पीएम ने अयोध्या के डेवलपमेंट को लेकर दिल्ली में मीटिंग की। इसमें यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, अयोध्या कमिश्नर और डीएम भी पहुंचे।

**320 करोड़ से बन रहा एयरपोर्ट...जनवरी से पहले उद्घाटन**

अयोध्या में सरकार 320 करोड़ की लागत से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बना रही है। दो फेज में इसे बनाया जा रहा। रनवे का काम लगभग पूरा हो चुका है। बिल्डिंग भी 80% तक तैयार है। पर्यटन विभाग के मुताबिक, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले एयरपोर्ट स्टार्ट हो जाएगा। यानी जनवरी से पहले। एयरपोर्ट के सेकेंड फेज का निर्माण पूरा होने के बाद 700 से ज्यादा यात्रियों को हैंडल किया जा सकता है।

एयरपोर्ट से 15 मिनट में राम मंदिर पहुंचा जा सकता है।

**2- 219 करोड़ की लागत से बन रहा बस स्टेशन**

अयोध्या धाम बस स्टेशन को भव्य तरीके से तैयार किया जा रहा है। इसे 9 एकड़ में 219 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। जो लोग अपने निजी वाहन से अयोध्या आएंगे, वो जन्मभूमि से एक से डेढ़ किमी पहले पार्किंग में अपना वाहन खड़ा करेंगे। इसके बाद ई-रिक्शा से मंदिर तक जा सकते हैं।


**3- 230 करोड़ में बन रहा अयोध्या जंक्शन**

अयोध्या जंक्शन के लिए 150 करोड़ का बजट दिया था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 230 करोड़ कर दिया गया है। नए स्टेशन को भव्य तरीके से बनाया जा रहा है।

## यूरोप दौरे पर रवाना हुए राहुल गांधी: 5 दिन में 4 देशों की यात्रा करेंगे

**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी मंगलवार देर रात यूरोप दौरे के लिए रवाना हुए। वो 6 सितंबर से 10 सितंबर (5 दिन) तक 4 यूरोपीय देशों-फ्रांस, बेल्जियम, नीदरलैंड्स और नॉर्वे की यात्रा करेंगे। इस दौरान राहुल गांधी यूरोपियन यूनियन के मेंबर्स और भारतीय समुदाय के



लोगों और यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स के साथ बातचीत करेंगे। राहुल गांधी का ये दौरा ऐसे समय हो रहा है जब देश की राजधानी दिल्ली में जी 20 समिट हो रही है। वो समिट खत्म होने के एक दिन बाद 11 सितंबर को भारत लौटेंगे। वहीं, भारत जोड़ो यात्रा का एक साल पूरा होने पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वो इन कार्यक्रमों में शामिल नहीं होंगे। गांधी ने पिछले साल यानी 7 सितंबर 2022 को कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। ये 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग 4,000 किलोमीटर की यात्रा करने के बाद 30 जनवरी को श्रीनगर में खत्म हुई थी।

## 'सवाल है कि हिंदुत्व कब आया, किसने बनाया? कर्नाटक के गृह मंत्री

**बंगलूरू**

**तमिलनाडु** के मंत्री और सीएम एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के बेटे की ओर से सनातन धर्म पर की गई टिप्पणी पर अभी विवाद थमा भी नहीं है और इस बीच इसे लेकर कई और नेताओं ने भी बयानबाजी जारी रखी है। अब राज्य के ही गृह मंत्री जी परमेश्वर ने हिंदू धर्म की उत्पत्ति को लेकर सवाल पूछे हैं। उन्होंने अलग-अलग धर्मों को लेकर टिप्पणी करते हुए कई और टिप्पणियां भी कीं। परमेश्वर ने कहा, "सवाल यह है कि हिंदू धर्म आखिर पैदा कहां हुआ, इसे किसने बनाया। दुनिया के इतिहास में कई धर्म पैदा हुए हैं। जैन और बौद्ध धर्म की उत्पत्ति यहां हुई। हिंदू धर्म आखिर कब पैदा हुआ, यह अभी भी सवाल है।" बताया गया है कि परमेश्वर की यह टिप्पणी कोरातागेरे के मारुति कल्याण मंडपम में शिक्षक दिवस के समारोह के दौरान आई।

## पुणे में गोला बारूद कारखाने के आसपास आवासीय गतिविधियों पर हाईकोर्ट नाराज, कही ये बात

**मुंबई**

**बॉम्बे** हाईकोर्ट ने बुधवार को पुणे के खड़की में गोला-बारूद फैक्ट्री के आसपास आवासीय प्लानिंग गतिविधियों को लेकर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि इस तरह से मानव जीवन को खतरे में नहीं डाला जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ ने सरकार और स्थानीय नागरिक निकायों को इस मुद्दे को हल करने में विफल रहने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। पीठ ने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में फैक्ट्री के आसपास रहने वाले लोगों की जान खतरे में पड़ जाएगी। पीठ ने केंद्रीय रक्षा मंत्रालय, महाराष्ट्र सरकार, पुणे और पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगमों के आयुक्तों और पुणे कलेक्टर को एक बैठक बुलाने और मुद्दे पर एक व्यवहार्य समाधान निकालने का निर्देश दिया। अदालत पुणे के दो निवासियों द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें प्रतिबंधित क्षेत्र में बनी आवासीय इमारतों पर चिंता जताई गई थी। याचिका में अधिकारियों को क्षेत्र में किसी भी संरचना के निर्माण की अनुमति नहीं देने का निर्देश देने की मांग की गई है।

## आईएसआईएस त्रिशूर मॉड्यूल के फरार सरगना गिरफ्तार

**मुंबई**

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को चेन्नई में बड़ी कार्रवाई करते हुए आईएसआईएस त्रिशूर मॉड्यूल के फरार सरगना को गिरफ्तार कर लिया। वह देश से भागने की फिराक में इससे पहले ही एजेंसी ने उसे पकड़ लिया। एक बयान के मुताबाकि, पकड़े गए आरोपी का नाम सैयद नबील अहमद है जो त्रिशूर का रहने वाला है। एनआईए की एक टीम पिछले कुछ हफ्तों से अहमद का पीछा कर रही थी। आरोपी पिछले कई हफ्तों से कर्नाटक और तमिलनाडु के विभिन्न स्थानों पर छिपा हुआ

# संसद के विशेष सत्र पर तेज हुआ घमासान

### एलएसी पर चीन का दुस्साहस: कांग्रेस ने खोज ली भाजपा के राष्ट्रवाद की काट, सोनिया की लाइन पर चलेगा 'इंडिया'

**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे अपने पत्र में भाजपा को घेरने के लिए विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के लिए लाइन तय कर दी है। सोनिया ने अपने पत्र में जिन 'नौ' मुद्दों का जिक्र किया है, उनमें चीन द्वारा लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में की जा रही घुसपैठ भी शामिल है। इससे पहले भी कांग्रेस द्वारा समय-समय पर चीनी घुसपैठ का मुद्दा उठाया जाता रहा है। खुद राहुल गांधी लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल 'एलएसी' को लेकर कई बार केंद्र सरकार को घेर चुके हैं। अब सोनिया गांधी ने कहा है कि संसद के विशेष सत्र में किन मुद्दों पर चर्चा होगी, सरकार ने इस बाबत कोई जानकारी नहीं दी है। ऐसे में उन्होंने पीएम मोदी से आग्रह किया है कि 'नौ' विशेष मुद्दों पर चर्चा के लिए समय आवंटित किया जाए। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, सोनिया गांधी ने अपने पत्र के जरिए कांग्रेस ही नहीं, बल्कि 'इंडिया' के लिए 'भाजपा' के 'राष्ट्रवाद' की काट निकाल ली है।

**सोनिया ने किया है इन मुद्दों का जिक्र**

बता दें कि केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक पांच दिवसीय विशेष संसद सत्र बुलाया है। सत्र में किन मुद्दों पर चर्चा होगी, इसका खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। यह भी कहा जा रहा है कि संसद का विशेष सत्र, विपक्ष से बिना किसी पूर्व चर्चा के बुलाया गया है। हालांकि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी, संसद के विशेष सत्र का बहिष्कार नहीं करेगी। इसमें देश और जनता से जुड़े मुद्दे उठाए जाएंगे। सोनिया गांधी ने अपने पत्र में अदाणी मामले का भी जिक्र किया है। इसके लिए उन्होंने जेपीसी के गठन की मांग की है। अन्य मुद्दों में उन्होंने मौजूदा अर्थव्यवस्था की स्थिति, महंगाई, एमएसएमई, किसानों के एमएसपी की मांग, मणिपुर की स्थिति, राज्यों में सांप्रदायिक तनाव, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में चीन की घुसपैठ, केंद्र एवं राज्यों के बीच संबंधों को नुकसान पहुंचाना और प्राकृतिक आपदा शामिल हैं।





### भाजपा के राष्ट्रवाद की काट निकाल रही है कांग्रेस


**कांग्रेस** पार्टी के एक बड़े नेता का कहना है कि मिशन 2024 के लिए भाजपा के राष्ट्रवाद की काट निकालने की तैयारी हो रही है। मोदी सरकार के दौरान चीन ने कब और किस इलाके में घुसपैठ का प्रयास किया है या कथित तौर पर भारतीय इलाकों पर कब्जा किया है, इस बाबत एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। लद्दाख के किन इलाकों में पहले भारतीय सेना गश्त करती थी, मगर अब वहां तक हमारे सैनिक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इस बात को भी रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा।

2014 से पहले पड़ोसी मुल्कों से लगती सीमाओं पर कैसी स्थिति थी, इसे भी जनता के बीच रखा जाएगा।

### गणेश चतुर्थी से नए संसद भवन में बैठेंगे सांसद

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने 18-22 सितंबर को संसद का विशेष सत्र बुलाया है। पहला दिन यानी 18 सितंबर पुराने संसद भवन में कामकाज का आखिरी दिन होगा। 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के दिन संसद को नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया जाएगा। पीएम मोदी ने 28 मई को नए संसद भवन का इनॉगरेशन किया था। इसमें कामकाज शुरू होने के बाद पुरानी इमारत को 'म्यूजियम ऑफ डेमोक्रेसी' में बदल दिया



जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट सेंट्रल विस्टा के तहत नया संसद भवन बनाया गया है। 973 करोड़ रुपए की लागत से बनी इस बिल्डिंग को 29 महीने में तैयार किया गया है।

नई संसद के इनॉगरेशन पर तमिलनाडु से आए संतों ने पीएम मोदी को सेंगोल सौंपा था। इसके बाद पीएम ने सेंगोल को सदन में स्पीकर की कुर्सी के बगल में स्थापित किया था। इस मौके पर लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला भी मौजूद थे।

इनॉगरेशन प्रोग्राम के दूसरे सेशन में ढट ने आजादी के 75वें साल पर 75 रुपए का सिक्का जारी किया था। कांग्रेस समेत 20 राजनीतिक पार्टियों ने नए संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम का बायकॉट किया था।

### चीन मामले पर पहले भी हमलावर रही है कांग्रेस




**चीन** की घुसपैठ और अदाणी मामला, इन दोनों को लेकर कांग्रेस पार्टी, भाजपा पर लगातार हमलावर रही है। सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी सहित कांग्रेस के अनेक नेताओं ने इन दोनों मुद्दों को उठाया है। पिछले दिनों अरुणाचल प्रदेश में चीनी नामों की सूची को कांग्रेस नेताओं ने हाथों-हाथ लिया था। कांग्रेस इस मुद्दे को 'ड्रैगन को क्लीन चिट' पंच लाइन से लोगों के बीच ले गई थी। राहुल गांधी ने भी अपने ट्वीट में लिखा था कि 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन चीन ने छीन ली, जगहों के नाम भी बदल रहे, प्रधानमंत्री चुप, कोई जवाब नहीं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा था, हमारे 50-60 हजार सैनिक लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के ऊपर तैनात हैं। ये बुनियादी सवाल इसलिए उत्पन्न होता है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2013 से लेकर अब तक 19 बार चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिल चुके हैं। पांच बार प्रधानमंत्री मोदी चीन गए हैं। भारत का कोई भी प्रधानमंत्री 1947 से लेकर 2023 तक इतनी बार चीन नहीं गया होगा। कांग्रेस पार्टी के एक सीनियर नेता का कहना है, भाजपा चाहे विकास और राष्ट्रवाद का कितना भी राग अलाप ले, मगर 2024 में 'इंडिया' गठबंधन उसकी राह मुश्किल कर देगा। भाजपा ने 2019 का चुनाव राष्ट्रवाद के नाम पर ही जीता था। इस बार केवल कांग्रेस पार्टी ही नहीं, बल्कि अधिकांश विपक्षी दल भी उसके साथ चलने को तैयार हुए हैं। वे भी चीन के मुद्दे पर भाजपा को घेर रहे हैं।

## मणिपुर में कर्फ्यू के बावजूद मैतेई समुदाय का प्रदर्शन, पुलिस ने फायरिंग की

**मणिपुर**

**मणिपुर** के बिष्णुपुर जिले में बुधवार (6 सितंबर) को कर्फ्यू के बावजूद हजारों मैतेई प्रदर्शनकारियों ने मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने फौगाकचाओ इखाई में टिडिमरोड (इम्फाल-चुराचांदपुर रोड) पर सेना की ओर से लगाए गए बैरिकेड्स को हटा दिया। इसके बाद क्वाक्टा में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए



पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और फायरिंग भी की। इससे 25 लोग घायल हो गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की फायरिंग

## जादवपुर यूनिवर्सिटी में छात्र की रैगिंग हुई थी

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के जादवपुर यूनिवर्सिटी में 9 अगस्त की रात 17 साल के स्वप्नदीप कुंडू के साथ रैगिंग की गई थी। यूनिवर्सिटी की जांच कमेटी ने मंगलवार, 5 सितंबर को अपनी रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है। जांच कमेटी ने 13 गिरफ्तार आरोपियों के अलावा छह और पूर्व छात्रों के खिलाफ एफआईआर की सिफारिश की है। ये सभी अवैध तरीके से हॉस्टल में रह रहे थे। रैगिंग में सभी के शामिल होने की पुष्टि की गई है। कोलकाता पुलिस ने स्वप्नदीप की मौत मामले में यूनिवर्सिटी के पूर्व और वर्तमान छात्रों समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है।

**चार सीनियर छात्रों को यूनिवर्सिटी से निकालने का सुझाव**

यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर बुद्धदेव साव ने बताया कि जांच कमेटी ने गिरफ्तार किए गए 13 आरोपियों में से चार सीनियर छात्रों को यूनिवर्सिटी से निकालने और अन्य आरोपियों को एक साल के लिए सस्पेंड करने का भी सुझाव दिया है। जांच कमेटी की सिफारिशों पर यूनिवर्सिटी एग्जीक्यूटिव काउंसिल की अनुमति ली जाएगी। वाइस चांसलर ने बताया कि रिपोर्ट तैयार करने के दौरान यूनिवर्सिटी के करीब 150 लोगों से बात की गई थी।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश सरकार सहकारिता विभाग को स्वावलंगबी बनाने के लिए 30 सितम्बर तक चला रही सदस्यता अभियान

**जसरा।** प्रदेश सरकार सहकारिता विभाग को स्वावलंबी बनाने के साथ कृषकों को तीन प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मुहैया कराने के लिए एक सितम्बर से 30 सितम्बर तक सदस्यता महा अभियान चला रही है। जिसमें कृषक, अकृषक, मजदूर, बिजली मिस्त्री, कारपेंटर, मत्स्य पालन, पशुपालन, बकरी पालन आदि को सदस्य बनाकर समिति से ऋण लेने,धान गेहूं क्रय करने के साथ उर्वरक लेने आदि का लाभ देने के लिए लोगों को जोड़ने का कार्य कर रही है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए तहसील स्तर के अपर जिला सहकारी अधिकारी संजय पांडेय व ब्लाक के सहायक विकास अधिकारी सहकारिता राकेश सिंह के साथ जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक विश्वभर नाथ को लगाया गया है।

एडीओ कोआपरेटिव ने बताया कि गांव गांव में जाकर प्रधानों से सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर भागीदारी करने की अपील किया है।

# मेजा के लक्षन चौकठा गांव के समीप सड़क किनारे खेत में युवक का मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मेजा के लक्षन चौकठा गांव के समीप सड़क किनारे खेत में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मेजा-मांडा थाना क्षेत्र का बार्डर होने की वजह से सूचना पर दोनों थानों की पुलिस पंहुच गई। मांडा पुलिस ने शव मेजा थाना क्षेत्र में होने की बात कही। वहीं जानकारी पर मेजा पुलिस भी पहुंच गई और सीमा विवाद में मामला उलझा रहा। पुलिस द्वारा युवक के परिजनों को सूचना दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मेजा तहसील क्षेत्र के मांडा थाना व मेजा थाना के बार्डर पर लक्षन चौकठा गांव के समीप मिजार्पुर-प्रयागराज मार्ग के दक्षिणी तरफ सड़क किनारे खेत में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर दोनों थानों की पुलिस पंहुच गई है। शव की शिनाख्त उसके आईडी कार्ड के आधार पर पवन कुमार पुत्र संगम लाल निवासी देवरी कला, खाईं थाना करछना के रुप में हुई। दोनों थानों का बार्डर होने के कारण सीमा विवाद में पुलिस उलझी हुई है। वहीं जब इस संबंध में थानाध्यक्ष मेजा राजेश उपाध्याय से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि शव मेजा थाना क्षेत्र में है। शव को कब्जे में लेकर लिखापढ़ी कर अगली कार्रवाई की जा रही है। युवक का शव मिलने से स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। फिलहाल युवक की हत्या की गई या मामला कुछ और है। यह पुलिसिया जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।



## कायाकल्प तमाम,नहीं हो पाया बिजली का इंतजाम

### सरकार की मंशा पर फिर रहा पानी

**मेजा।** जहाँ एक ओर सरकार और सरकारी नुमाईंदों द्वारा परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प का कार्य शीघ्रता से कराया जा रहा है वहीं विकास खण्ड मेजा में पहाड़ की तलहटी में स्थित प्राथमिक विद्यालय निधि का पूरा में अद्यतन बिजली नही है ।जबकि आस पास के घरों में मीटर भी लगाया जा चुका है किंतु अभी तक आपूर्ति से वंचित है ।विद्यालय का रनिंग वाटर,मल्टीपल हैंडवाश,व शौचालय आदि उपकरण शोपीस बनकर रह गए हैं। उनका उपयोग बिना विद्युतीकरण के सम्भव नही है। ग्राम प्रधान सुषमा मिश्रा ने बताया कि कायाकल्प से सम्बंधित लगभग सभी काम पूर्ण होने की स्थिति में हैं परंतु विद्युत के अभाव में बच्चों हेतु समुचित व्यवस्था न हो पाना दुखद है ।आज के समय मे भी यह विद्यालय सड़क और बिजली से बंचित है ।ग्राम प्रधान द्वारा वर्तमान में चल रही योजना में कार्यरत जकसन के अधिकारियों से भी वार्ता की गई किंतु अभी तक कोई समाधान नही हो सका। ग्राम प्रधान सुषमा मिश्रा ने सरकार और विभागीय तंत्र से जुड़े लोगों से विद्यालय में एक स्वच्छ व सुसज्जित वातावरण बच्चों को प्राप्त हो सके इसके लिए शीघ्र विद्युत व्यवस्था कराने की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल,पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के रामजी संतोषी संयोजक और राम कृष्ण पांडेय बने सहसंयोजक



**सैदाबाद।** उत्तर प्रदेश की जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक )शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई सैदाबाद की कार्यकारिणी विगत 7 वर्षों से चुनाव न होने के कारण कालातीत हो चुकी थी। जिसके कारण जिला अध्यक्ष विनोद पांडेय व जिला मंत्री राजेंद्र अनुरागी द्वारा राम जी संतोषी सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय महुआडीह को ब्लॉक संयोजक एवं रामकृष्ण पांडेय सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय बाहरपुर को सहसंयोजक मनोनीत किया है ।तथा यह निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द उच्च प्राथमिक विद्यालयों की सदस्यता कर चुनाव संपन्न कराये व शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण करायें।

### शिक्षक दिवस पर बच्चों ने लिया गुरुजनों का आशीर्वाद



**सहसों।** शिक्षक दिवस पर श्री राजाराम तिवारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल गुलालपुर में संयुक्त रुप से छात्र छात्राओं ने शिक्षक दिवस मनाते हुए पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन करते हुए याद किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी ने पूर्व राष्ट्रपति को नमन करते हुए उनके जीवन व ब्यक्तिव एवं गुरु शिष्य के पारंपरिक संबंध तथा महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा शिक्षक बच्चों को शून्य से सफलता के शिखर तक ले जाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा राष्ट्र समाज व शिक्षा के निर्माण में शिक्षकों की विशेष भूमिका होती है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए चरण बंदन कर गुरुश्रेष्ठों का आशीर्वाद लिए तथा गुरुजनों को उपहार भी भेंट किए। कार्यक्रम में कृष्ण मोहन तिवारी एवं बी के अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु का शिष्य से नाता माता-पिता से भी बढ़कर होता है। कार्यक्रम का संचालन रमेश कुमार द्विवेदी जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं तथा अभिभावक बंधु उपस्थित रहे।

# हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की...


**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** भगवान श्रीकृष्ण की महिमा अपरम्पार है वे सदा अपने भक्तों सहायता करते हैं वह द्वारिका के राजा होते हुए भी सुदामा जैसे गरीब ब्राह्मण को अपना सबसे प्रिय मित्र मानते हैं सच्चे मन से भक्ति करने वाले भक्तों के वश में भगवान हमेशा रहते हैं उक्त उदगार सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रबंधक अभिषेक खेड़ा ने बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मद्देनजर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ब्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को जोड़ दें तो हम श्रीकृष्ण जैसा सुदर्शन चक्र की शक्ति है लेकिन फिर भी ये हमेशा बांसुरी का उपयोग करते हैं वह अजेय हैं होते हुए अपने अनुयायियों के अपार प्रेम से हार जाते हैं। वह द्वारिका के बड़े ही अमीर राजा हैं सुदामा जैसे गरीब ब्राह्मण उनके मित्र हैं हर क्षेत्र में उनकी एक वास्तविक क्षमता है फिर भी महाभारत वे सारथी बनना चुना था। उन्होंने आगे कहा कि हमें भगवान श्रीकृष्ण से सीख लेनी चाहिए उनका मानना है कि सच्ची श्रद्धा भाव से भक्ति करने वाले भक्तों के वश में भगवान सदा ही रहते हैं। इसी क्रम में स्कूल कि प्रिंसिपल श्रीमती अंकिता खेड़ा ने भी भगवान श्रीकृष्ण की महिमा पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गीता में कहीं गई हर एक बात का अनुसरण करना चाहिए तभी अंत समय में मानव को मुक्ति मिलेगी। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से किया गया इस दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की वेश भूसा में उनकी लीलाओं का सराहनीय मंचन किया गया जिसकी उपस्थित लोगों ने भुरि भूरि प्रशंसा किया। स्कूल के प्रबंधक श्री खेड़ा ने सभी उपस्थित लोगों का आभार ब्यक्त करते हुए बधाई दिया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री कृष्ण का प्राकट्य दिवस





**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को अर्धरात्रि में भगवान लीलाधारी श्री कृष्णा का मथुरा के कारागार में माता देवकी एवं राजकुमार वसुदेव के अंश स्वरूप में प्राकट्य हुआ था। जिससे समस्त प्रजा में एवं पूरे धरा धाम पर भगवान का प्राकट्य तिथि पर हर्षोल्लास के साथ उनके जन्मोत्सव पर बधाई, सोहर, नृत्य एवं मंगल गायन, लोक कलाओं से भरपूर गीत गाते हुए समस्त ब्रज में भक्त नर नारियों द्वारा भगवान का जन्म उत्सव मनाया गया। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर सहसों बाजार स्थित राम जानकी मंदिर, पुलिस चौकी सहसों प्रांगण स्थित शिव मंदिर सहित आदि मंदिरों एवं घरों में भक्तों द्वारा काफी साज सज्जा के साथ मनमोहक झांकियों के साथ भगवान दीनदयाल श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों ने अर्धरात्रि में भगवान के जन्मोत्सव पर वैदिक मंत्रों द्वारा विधि विधान से अभिषेक के साथ पूजन अर्चन धूप दीप, स्तुति एवं आरती उतारी तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर आचार्य पंडित दिनेश चन्द्र तिवारी एवं पंडित ओम प्रकाश शास्त्री ने बताया कि श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की पावन बेला पर रात्रि में भगवान श्री कृष्ण का नयनाभिराम अलौकिक, मनमोहक श्रृंगार करना चाहिए।

भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप को झूला झुलाया जाता है। इस दिन शुभ बेला में पूजा के अंतर्गत नैवेद्य में मक्खन, दही, धनिया से बनी मेवा युक्त पंजीरी, सूखे मेवे, मिष्ठान व ऋतु फल आदि भगवान के समक्ष अर्पित किए जाते हैं। इस दिन व्रत उपवास रखने पर भगवान श्री कृष्ण की असीम कृपा प्राप्त होती है। जिससे जीवन के समस्त पापों का शमन होता है साथ ही अनंत पुण्य फल की प्राप्ति भी होती है। इसी तरह क्षेत्र के चकिया घरहरा, मीरापुर, सिंगरामऊ, तिवारीपुर, कसेरुआ, रामनगर, मेंड़ुवा, ललचहां, बसमहुआ, कांदी, चंदौहां, उमरी, बभनकुईयां सहित आदि गांवों एवं मोहल्लों में भक्तों ने हरि कीर्तन, भजन के साथ भगवान का बड़े ही धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया।

## स्कूलों में धूमधाम के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस



**जारी।** दिन मंगलवार को विद्यालयों में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन सादगी के साथ मनाया गया। शिक्षकों ने डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कई स्कूलों में आयोजित गोष्ठियों में डॉ राधाकृष्णन के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया गया। शिक्षक दिवस के उपलक्ष में श्रीमती कमला अग्रहरि मेमोरियल गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज की कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की छात्राएं अपने-अपने क्लासरूम में शिक्षक दिवस के रूप में केक काटकर शिक्षक दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। हर क्लास के टीचर अपने अपने क्लास में केक काटा और क्लास मॉनिटर द्वारा सभी टीचरों को केक एवं मिष्ठान का वितरण किया। हर क्लास में प्रबंधक श्रीरामसखा अग्रहरि प्रधानाचार्य श्रीमती अनुश्री, उप प्रधानाचार्य कपिल मुनि पांडे, शैलेंद्र मिश्रा ,उमेश मिश्रा, महेंद्र पांडे, सत्येंद्र द्विवेदी ,नंदलाल, सुरेंद्र अग्रहरि ,अध्यापक गण एवं श्रीमती सरोज विश्वकर्मा, कुमारी संध्या सिंह, श्रीमती श्याम कली, श्रीमती वंदना सिंह, नसीरुद्दीन, अध्यापिकाऐ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवाकांत तिवारी एवं अन्य अतिथि गण उपस्थित रहे।

# कागजों की दुकान पर सप्लायर कर रहे सप्लाई, जिम्मेदार मौन

### जीएसटी नंबर लेकर फर्जी बिल व वाउचर लगाकर सरकारी धन का कर रहे धनादोहन, कोरांव के गांवो में विकास के नाम पर चल रहा है भारी खेल

**रत्योरा।** विकासखंड कोरांव में इस समय गांवो के विकास के नाम पर सरकारी धन की लूट मची हुई है। ग्राम पंचायतों के हालत यह हो गए हैं कि पंचायतों में सप्लाई देने वाले सप्लायरों के दुकान व सामान का कुछ आता पता ही नहीं है। फर्जी बिल वाउचर लगाकर ग्राम पंचायतों से सप्लाई के नाम पर सरकारी धन ऐंठने में जुटे हुए हैं। ब्लाक अधिकारियों के सूत्रों के हवाले से भी यह खबर मिल रही है कि कोरांव विकासखंड में सप्लाई के नाम पर मनमानी चरम पर है। लोग जीएसटी नंबर लेकर ग्राम पंचायतों में सप्लाई देने का काम कर रहे हैं। लेकिन उनके दुकान व सामान का कहीं कुछ अता-पता नहीं है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब जिम्मेदार लोग ही ऐसा कहते फिर रहे हैं तो इन मनमाने सप्लायरों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी किसके ऊपर और कब तय होगी, यह समय के गर्भ में ही है। विकासखंड कोरांव की अगर बात करें तो 90% सप्लायर ऐसे हैं जिनके पास न तो कहीं दुकान है और न ही सामान है। बाजार में खुली दुकानों से सामान खुद ग्राम प्रधान खरीदते हैं और काम कराते हैं। बिल का भुगतान कराने के लिए इन बगैर दुकान वाले सप्लायरों का सहारा लेते हैं और इन्हीं सप्लायरों के बिल पर भुगतान कर ग्राम प्रधान और सप्लायर दोनों मलाई काट रहे हैं। अक्सर ग्राम पंचायतों में यह देखा जा रहा है कि बिल तो सप्लायरों का लगता है लेकिन काम सप्लायरों के जगह ग्राम प्रधान ही कराते हैं। जबकि नियमतः सप्लायर को ही गांवो का विकास कार्य कराना चाहिए और उसे अपना भुगतान लेना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। ग्राम प्रधान खुद अपने तरीके से गांव में काम कराते हैं। सप्लायरों से बिल लगवा कर उनसे मनमाना कमीशन अधिकारी और ग्राम प्रधान दोनों लेने का काम कर रहे हैं। ग्राम पंचायतों में विकास के नाम पर सरकारी धन की बंदर बांट की जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने जनपद के उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मनमाने तरीके से गांवो में सप्लाई दे रहे सप्लायरों की जांच कर उन पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संदर्भ में जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गांवों में सप्लाई देने के नियम व शर्तों को जीएसटी विभाग बतायेगा जो लाइसेंस देता है। उनके क्या नियम हैं यह वही बता सकते हैं। वह बिना दुकान के रजिस्ट्रेशन देते हैं अथवा दुकान देखकर रजिस्ट्रेशन नंबर देते हैं यह उन्हीं की जिम्मेदारी होती है। इसी प्रकार खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र सिंह यादव से बात की गई तो उन्होंने भी बताया कि यह जीएसटी विभाग की जवाबदेही है। वह दुकान देखकर रजिस्ट्रेशन नंबर देते हैं अथवा क्या करते हैं यह वही बता सकते हैं।

# शिक्षक दिवस पर 99 विशिष्ट शिक्षक हुए सम्मानित

### उरुवा ब्लॉक से मुकेश शुक्ला, दीपक गुप्ता, अरुण विश्वकर्मा, ज्योति बाजपेयी व आशा देवी हुए सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर जिला पंचायत प्रयागराज के सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय विशिष्ट शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जनपद के कुल 99 शिक्षक / अनुदेशक व शिक्षामित्र को शैक्षणिक सत्र 2022-23 में निपुण भारत मिशन/कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में शैक्षणिक अवस्थापना,खेल व विभिन्न योजनाओं के क्षेत्र में किये गए उत्कृष्ट कार्य हेतु विशिष्ट शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिले के प्रथम नागरिक महापौर प्रयागराज गणेश केसरवानी, विधायक कोरांव राजमणि कोल, सीडीओ व प्रभारी जिलाधिकारी गौरव कुमार तथा विशिष्ट अतिथि जिला विकास अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा दीप प्रज्वल एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि महोदय को बुके,अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया। ततपश्चात शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना निपुण भारत मिशन की सफल संचालन हेतु समस्त शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद प्रयागराज के समस्त शिक्षक उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं और हमारे उत्कृष्ट शिक्षक / अनुदेशक व शिक्षामित्रों का चयन गूगल फॉर्म के जरिए और खंड शिक्षा अधिकारी के सहयोग से पूर्ण पारदर्शिता तरीके से चयन हुआ है। बीएसए ने कहा कि ऐसे शिक्षक जिन्होंने अपने कार्यों से शिक्षा विभाग छवि को बेहतर और शिक्षा के उन्नयन के लिए कार्य किया है,उनको सम्मानित करते हुए विभाग भी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। मुख्य अतिथि द्वारा समस्त शिक्षकों को अंग वस्त्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें उरुवा ब्लाक के पांच शिक्षक दीपक गुप्ता (लोहारी द्वितीय), मुकेश शुक्ला (मेजारोड), अरुण विश्वकर्मा (चौकी), ज्योति बाजपेयी (ऊंचडीह) व आशा देवी (समहन प्रथम) को विशिष्ट शिक्षक सम्मान ₹ के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला एमडीएम प्रभारी राजीव त्रिपाठी ने किया। मुकेश शुक्ला को वॉलीबाल खेल के क्षेत्र में बेसिक शिक्षा विभाग का नाम रोशन करने के लिए उनके द्वारा किये गए सराहनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया। साथ ही साथ स्काउट गाइड में योगदान के लिए फिरोज आलम की टीम व रंगोली में चाका की टीम को सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय सहित कैलाश सिंह, लाल जी शर्मा, प्रज्ञा सिंह, रिजवान खान आदि अधिकारी, जनप्रतिनिधि व जनपद के समस्त एआरजी तथा एआरपी मौजूद रहे।



## सेंट पीटर्स स्कूल छतवा सिरसा में मनाया गया शिक्षक दिवस

### गुरु-शिष्य परंपरा भारत की संस्कृति का एक अहम और पवित्र हिस्सा है





**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के ब्लाक उरुवा के अंतर्गत सेंट पीटर्स स्कूल छतवां सिरसा में शिक्षक दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। बच्चों और शिक्षकों द्वारा याद किए गए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन और उनकी जीवनी। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने बच्चों को बताया की प्रतिवर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म-दिवस के अवसर पर शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट किया जाता है। 'गुरु' का हर किसी के जीवन में बहुत महत्व होता है। समाज में भी उनका अपना एक विशिष्ट स्थान होता है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षा में बहुत विश्वास रखते थे। वे एक महान दार्शनिक और शिक्षक थे। उन्हें अध्यापन से गहरा प्रेम था। एक आदर्श शिक्षक के सभी गुण उनमें विद्यमान थे। इस दिन स्कूलों में उत्सव, धन्यवाद और स्मरण की गतिविधियां होती हैं। बच्चे व शिक्षक दोनों ही सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेते हैं। छात्र विभिन्न तरह से अपने गुरुओं का सम्मान करते हैं, तो वहीं शिक्षक गुरु-शिष्य परंपरा को कायम रखने का संकल्प लेते हैं ।गुरु-शिष्य परंपरा भारत की संस्कृति का एक अहम और पवित्र हिस्सा है जिसके कई स्वर्णिम उदाहरण इतिहास में दर्ज हैं। शिक्षक उस माली के समान है, जो एक बगीचे को अलग अलग रूप-रंग के फूलों से सजाता है। इसी मौके पर आज सिरसा स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर तरुण कुमार और उनके साथ राजेश कुमार मिश्र ने स्कूल की प्रधानाचार्या को सप्रेम भेंट देकर सम्मानित किया वही विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी खेड़ा सोनी ने श्री तरुण कुमार और राजेश कुमार मिश्रा को भगवत गीता देकर आभार प्रकट किया। मौके पर उपस्थित रहे शिक्षकगण सीमा केशरी, प्रवीण उपाध्याय, नीरज पाल, ममता उपाध्याय, सरिता अग्रवाल, रूबी केशरी, दीपिका, निशी, आँचल केशरी, पूनम कुशवाहा, सौम्या केशरी, सृष्टि सिंह, काजल यादव और अमिता यादव एवं विद्यालय के सभी स्टाप उपस्थित रहे।

## शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत प्रधानाचार्य की हुई विदाई



**करछना।** तहसील क्षेत्र करछना के राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज खाई करछना प्रयाग राज में शिक्षक दिवस मनाया गया जिसमें सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य श्री छोटे लाल, प्रवक्ता श्री भगवती प्रसाद तिवारी और प्रधान सहायक श्री मदन तिवारी को विदाई दी गई साथ ही प्रधानाचार्य श्री मत्स्येन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा शिक्षकों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया, विद्यालय के छात्रों ने शिक्षक की भूमिका निभाकर शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर सम्मान दिया इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं समेत छात्र एवं छात्राएं शामिल रहे।

# शिक्षक समाज का दर्पण, इसकी गरिमा बनाए रखना जरूरी : मनीष



**करछना।** शिक्षक हमारे समाज का दर्पण होता है ।बच्चों के पठन-पाठन के साथ-साथ उनमें नैतिक शिक्षा का भाव भरने और राष्ट्र निर्माण के लिए एक अच्छी पौध तैयार करने में शिक्षक की भूमिका बहुत अहम है ।हम सब को चाहिए कि इस गरिमा को बराबर बनाएं रखें। यह बातें रामपुर से बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित विविध कार्यक्रमों के दौरान प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कही। उन्होंने बच्चों में शिष्य और शिक्षकों के बीच आदर और सम्मान की परंपरा बनाए रखने पर जोर दिया। प्रवक्ता प्रदीप कुमार, जितेंद्र कुमार,जगतपाल और मोहम्मद परवेज सिद्दीकी ने भी बच्चों को देश के गौरव और शिक्षक के रूप में प्रेरणा प्रदान करने वाले डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से सीख लेने पर जोर दिया। बच्चों ने अपने-अपने कक्ष सजाये थे और शिक्षकों के साथ मिलकर एक विशेष खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। इसके पूर्व प्रार्थना सभा के उपरांत शिक्षक दिवस के प्रतीक डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए सभी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक,कर्मचारी और बड़े संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

## शिक्षक दिवस पर नमन किए गए पूर्व राष्ट्रपति

**सहसों।** डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयन्ती शिक्षक दिवस पर नमन करते हुए मनाई गई। भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान रूदापुर में संस्थान के प्रबंधक विनय उपाध्याय ने शिक्षकों सहित उनके चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित करके शत शत नमन किया। इस अवसर पर देश के समस्त शिक्षकों को बधाई देते हुए विनय उपाध्याय ने पूर्व राष्ट्रपति के ब्यक्तिव व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के समक्ष अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक शून्य से सफलता के शिखर तक ले जाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका समाज और देश के निर्माण में बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजय कुमार शर्मा, चन्द्र प्रकाश मौर्य, प्रमोदित यादव, अनुभव वर्मा, सूर्य प्रताप सिंह, अखिलेश शर्मा, सुरक्षा निषाद, अर्पिता कुशवाहा, सविता गुप्ता, रागिनी दुबे, मारिया बानो, साक्षी यादव, निविता पाल, निर्मला पाल एवं महिमा सहित छात्र छात्राएं पूर्व राष्ट्रपति को नमन करते उपस्थित रहे। इसी प्रकार श्री राजाराम तिवारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल गुलालपुर में संयुक्त रुप से छात्र छात्राओं ने शिक्षक दिवस मनाते हुए पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी ने पूर्व राष्ट्रपति के जीवन व ब्यक्तिव एवं गुरु शिष्य के पारंपरिक संबंध तथा महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया तथा गुरुजनों को उपहार भी भेंट किए। कार्यक्रम में कृष्ण मोहन तिवारी एवं बी के अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन रमेश कुमार द्विवेदी जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं तथा अभिभावक् बंधु उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 12वीं के छात्रों पर चाकू से हमला, अस्पताल में कराया गया भर्ती

**प्रयागराज।** आईपीएम स्कूल सिविल लाइन्स स्कूल के 12वीं कक्षा के दो छात्रों पर चाकू से हमला कर दिया गया। घायल छात्रों में ऋषि सोनी 17 पुत्र वीरेंद्र कुमार सोनी निवासी संगम विहार कॉलोनी और कार्तिकेय गुप्ता 17 पुत्र आलोक गुप्ता निवासी 132इ/28 एमजी मार्ग सिविल लाइंस के रहने वाले हैं। हमलावर ओम मिश्रा 19 पुत्र आलोक मिश्रा निवासी 492 बादशाही मंडी का बताया जा रहा है। घायलों का इलाज एसआरएन में चल रहा है।छात्र ऋषि सोनी ने बातचीत में बताया कि एक अज्ञात नंबर से उसके पास फोन कर उसे बाहर बुलाया गया। वह अपने दो तीन दोस्तों के साथ बाहर गया तो वहां पांच से छह लड़के उन लोगों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला बोल दिया, उसके बाद सब वहां से भाग निकले। उनमें से एक का भागते वक्त एक्सीडेंट हो गया। जिसका इलाज चल रहा है। अभी वह अपने अन्य साथियों का नाम नहीं बता सका है।

# महापौर ने फीता काटकर पोषण रैली को रवाना कर छठां राष्ट्रीय पोषण माह का किया शुभारम्भ

## छठां राष्ट्रीय पोषण माह के आयोजन की मुख्य थीम सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत हैं

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने प्रभारी जिलाधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की उपस्थिति में बुधवार को विकास भवन से फीता काटकर पोषण रैली को रवाना करते हुए छठां राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारम्भ किया। छठां राष्ट्रीय पोषण माह माह सितम्बर-2023 के आयोजन की मुख्य थीम सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत के अन्तर्गत जनपद में मुख्य सेविकाओं/आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा बड़ी संख्या में बाइक रैली एवं कतारबद्ध मानव श्रृंखला में पोषण रैली निकाला गया, जो जिला पंचायत सभागार प्रयागराज पर समाप्त हुई। ह्नपोषण रैलीह्न के माध्यम से पोषण माह में आयोजित किए जाने वाले थीम आधारित प्रभावी गतिविधियों-स्तनपान व सम्पूरक आहार, स्वस्थ बालक स्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन लाइफ के माध्यम से पोषण में सुधार, मेरी माटी मेरा देश एवं एनीमिया स्तर में सुधार हेतु परीक्षण, उपचार व संवाद का प्रचार-प्रसार एवं समुदाय की भागेदारी को जोड़ते हुए सुपोषण भारत (कुपोषण मुक्त भारत) के लक्ष्य को प्राप्त करना है। पोषण माह के अन्तर्गत छह वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती व धात्री महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार के प्रयास किए जाते हैं, जिसमें टीकाकरण, गृह-भ्रमण, अनौपचारिक एवं स्वास्थ्य व पोषण शिक्षा, समुदाय आधारित अन्नप्राशन व गोद-भराई, वजन दिवस एव बी.एच.एस.एन.डी. आदि कार्यक्रमों के माध्यम से आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य उप केन्द्रों पर बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत राज, बेसिक शिक्षा आदि विभागों के परस्पर कनवर्जन एवं समन्वय से प्रयास किए जाते हैं। पोषण माह के अन्तर्गत उक्तानुसार माह सितम्बर-2023 में ब्लाक एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कार्यक्रम आयोजित करते हुए कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण एवं उनके स्वास्थ्य प्रबंधन के कार्य करते हुए उन्हें सुपोषित बनाने के प्रयास किए जायेंगे, जिसके क्रम में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्वस्थ बालक स्पर्धा, पोषाहार से निर्मित रेसिपी प्रतियोगिता आदि के भी आयोजन किये जायेंगे, जिससे समुदाय में जागरूकता लाते हुए पोषण के घटकों को रेखांकित करते हुए कुपोषण को समाप्त किया जा सके। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, अधिशासी अभियन्ता आर0ई0डी0, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थिति रहे।

# युवा संवाद भारत 2047 कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज,युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में मंगलभूमि फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से युवा संवाद - भारत 2047 कार्यक्रम को ईश्वर शरण पीजी कॉलेज, प्रयागराज में आयोजित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के पंच महाप्राण के विषयों चर्चा की गई जिसमें देश की विरासत, नागरिक कर्तव्य, एवम एकता के तत्वों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता शपथ, संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।नेहरु युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे ने संवाद के विजेताओं को प्रमाणपत्र व पुरस्कार प्रदान कर उत्साहित किया। डॉ राजेश गर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा के किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को एक मंच देता है सकारात्मक कार्य करने हेतु । मुख्य अतिथि उमेश चंद्र गणेश केसरवानी मेयर प्रयागराज जी ने कहा कि वर्तमान समय भारत आजादी का अमृत महोत्सव बना रहा है और भारत के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी का सपना है कि देश वर्ष 2047 तक विश्व का नेतृत्व करें।आजादी के अमृत काल में बदलते भारत की छवि को और भी मजबूत करने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होने बताया कि हमें अपने जीवन में गुलामियों की मानसिकता का परित्याग करना चाहिए, यही हमारी स्वाभिमान की गारंटी है। भारत विकसित देश बन रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो आनंद शंकर सिंह जी ने कहा कि भारत युवाओं का देश युवाओं को अमृत कल के जो पंच प्रण में पीजी कॉलेज के युवाओं द्वारा भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभा कर रहे युवाओं का मनोबल बढ़ाया जिन्होंने यह प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाया उनको शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से युवाओं में जोश और उत्साह बढ़ता है निश्चित रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मंगल भूमि फाउंडेशन द्वारा कराया गया यह युवा संवाद सराहनीय है अपने ज्ञान और जागरुकता से आगे बढ़ते रहने के लिए शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अनामिका चौधरी जी ने कहा कि भारत में युवाओं को भौतिकवाद से निकलकर पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण की ओर ध्यान देना होगा आज जिस प्रकार से जलवायु परिवर्तन हो रहा है ऐसे में जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित एवं पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में युवाओं के एक अच्छी भूमिका हो सकती है। मुख्य वक्ता के रूप में एसएफडी के राष्ट्रीय संयोजक राहुल गांधी ने युवाओं को मोटिवेट किया उन्होंने कहा कि आज वर्तमान में युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता है लघु एवं सूक्ष्म उद्योग के माध्यम से युवा रोजगार की ओर अग्रसर हो रहे हैं युवाओं को चाहिए कि सकारात्मक कार्य करते हुए अपने स्वालंबन एवं आत्मनिर्भर की ओर बढ़े। मंगल भूमि फाउंडेशन के यजुषी सिंह ने मंगल भूमि फाउंडेशन का परिचय कराया उन्होंने परिचय में मंगल भवन फाउंडेशन द्वारा बुंदेलखंड एवं प्रयागराज जनपद में किए गए कार्यों का उल्लेख किया मंगल भूमि फाउंडेशन जल संचयन पर्यावरण संचयन पर कार्य कर रहा है मंगल भूमि फाउंडेशन के लगभग देश भर में बीस हजार युवा सक्रिय कार्यकर्ता कर रहे हैं। डॉ अरविंद मिश्रा ने अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन गायत्री सिंह जी ने किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन मंगल भूमि फाउंडेशन के अध्यक्ष रामबाबू तिवारी ने किया ने किया। युवा संवाद के प्रत्येक विषय के वक्ता प्रतिभागियों को उनके विषयों के अन्तर्गत प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि महोदय ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। नागरिक कर्तव्य विषय में शिवांग तिवारी, विकसित भारत निर्माण के विषय में सुषमा यादव , गुलामी की हर सोच से मुक्ति विषय में दिया सिंह, एकता और एकजुटता में विधि यादव, विरासत पर गर्व विषय में निधि झा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम संचालन प्रोफेसर गायत्री , हिंदी, ईश्वर शरण पीजी कॉलेज ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने अपने सपथ प्रपत्र के माध्यम से पंचप्रण के तत्वों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। राजू शुक्ला, श्याम प्रकाश पाण्डेय,वरुण केशरवानी, विनायक पांडेय, रोहित मिश्र, मंगल भूमि के संयोजक अनीता सिंह ,सौरभ दुबे जी, अमन डॉ शैलेश यादव, डा आलोक मिश्र, डॉ रुचि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# अधिकारी ज्योति मौर्या को बड़ी राहत, बंद होगी जांच

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्य के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले की जांच बंद हो सकती है। पति आलोक मौर्य भ्रष्टाचार के संबंध में लगाए गए आरोपों के समर्थन में कोई पुख्ता सबूत नहीं दे पाए। इसके साथ ही अपनी शिकायत वापस लेने के मामले में कमेटी ने यह निर्णय लिया है। इसकी रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी। उधर, ज्योति मौर्य द्वारा भी धूमनगंज थाने में पति आलोक मौर्य और ससुराल पक्ष के लोगों दर्ज उत्पीड़न के केस वापस लेने की चर्चा है। सूत्रों की माने तो ज्योति मौर्य और आलोक के बीच समझौता हो सकता है। आलोक मौर्य के द्वारा ज्योति मौर्य के खिलाफ शासन से की गई भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच के लिए शासन ने कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत को जांच करने का आदेश जारी किया था। कमिश्नर ने अपर आयुक्त प्रशासन अमृतलाल बिन्द के नेतृत्व में तीन सदस्य जांच कमेटी गठित की थी। कमेटी ने आलोक मौर्य से भ्रष्टाचार के संबंध में की गई शिकायत के समर्थन में सबूत प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। इसके लिए आलोक ने कमेटी से 20 दिन की मोहलत मांगी थी। 20 दिन की मोहलत पूरी होने के बाद कमेटी के समक्ष उपस्थित होकर आलोक मौर्य ने अपने आरोपों को वापस ले लिया था। जिसके बाद जांच कमेटी ने मामले की जांच को बंद करने की संस्कृति कमिश्नर से की है। इस मामले में कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने बताया कि जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पेश की है उसे शासन को भेजा जा रहा है। विजय विश्वास पंत ने कहा कि अभी जांच रिपोर्ट नहीं मिली है। यदि आलोक ने शिकायत वापस ले ली है तो जांच समिति की रिपोर्ट को देखा जाएगा। उस पर कानूनी राय भी ली जाएगी। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तीन माह के निःशुल्क मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षार्थी 15 सितम्बर तक करें आवेदन

**प्रयागराज।** मधुमक्खी पालन अनुपूरक कृषि उद्यम के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। मधुमक्खियों से शहद उत्पादन के साथ-साथ फसलों में पर-परागण से पौधों की जीवितता एवं उत्पादन में वृद्धि होती है। कृषि के साथ-साथ अन्य ऐसे अनुपूरक व्यवस्था अपनाये जाने की आवश्यकता है, जिसमें भूमि की ज्यादा जरूरत न हो। इसके लिए वैज्ञानिक पद्धति से मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज में दीर्घकालीन मुधमक्खी पालन प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है।इस कार्यक्रम के अन्तर्गत तीन माह (90 दिवसीय) का प्रशिक्षण सत्र दिनाँक 16.09.2023 से 15.12.2023 तक राजकीय मौन पालन प्रशिक्षण केन्द्र, कम्पनीबाग, प्रयागराज पर आरम्भ हो रहा है। यह प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जायेगा, प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षार्थियों को रहने व खाने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। इस प्रशिक्षण में पुरूष एवं महिलायें भाग ले सकती हैं, जिसके लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा-08 पास होना आवश्यक है। अधीक्षक राजकीय उद्यान के कार्यालय से सम्पर्क कर निर्धारित प्रारूप पर दिनाँक 15.09.2023 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ दो सम्भ्रान्त व्यक्तियों या राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र आवश्यक है।

# रेरा में क्षेत्र पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**




**जसरा।** विकास खंड जसरा के रेरा ग्राम सभा के क्षेत्र पंचायत संख्या 64 का उपचुनाव बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय रेरा में निर्वाचन अधिकारी उप जिलाधिकारी बारा की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया।चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में तहसीलदार बारा संगीता पांडेय व एसीपी कौंधियारा संतलाल सरोज थाना प्रभारी घूरपुर संजीव कुमार चौबे एवं पुलिस लाइन की पुलिस बल के साथ सुरक्षा चाक चौबंद रही। सेक्टर मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार द्वारा बताया गया कि तीन बूथ 100,101,102 बूथ बनाए गए थे। शाम 5:00 बजे मतदान पूर्ण होने पर बूथ संख्या 100 में 800 मत में 293 मत ,बूथ संख्या 101 में 761मत में 376 मत तथा बूथ संख्या 102 में 221मत में 145 मत पड़े हैं । एआर ओ राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि कुल मिलाकर 60% मतदाताओं ने मतदान किया। क्षेत्र पंचायत वार्ड में कुल 1782 मतदाता है जिसमें कुल 814 मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि 2021 में पंचायत चुनाव हुआ था जिसमें क्षेत्र पंचायत का भी चुनाव हुआ था। जिसमें सोनकरन पटेल इस वार्ड से विजयी हुए थे लेकिन हार्ट अटैक की बीमारी के कारण उनका जून 2023 में निधन हो गया था। जिस वजह से यहां सरकार द्वारा दोबारा उपचुनाव कराया जा रहा है। जिसमें मृतक सोनकर पटेल की पत्नी सुनीता पटेल व पड़ोसी सुनील कुमार यादव पुत्र नन्द लाल यादव ने उपचुनाव के लिए पर्चा दाखिल किया है। जो आज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ । मतदान कर निकले 86 वर्षीय बुजुर्ग रामधनी पाठक ने बताया कि मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार है। सभी मतदाताओं को मतदान करना चाहिए। जिससे समाज और गांव का विकास हो सके इसीलिए आज हम इस उम्र में भी मतदान करने के लिए आए हैं। वही मतदान करके निकले प्रभाकर मालवीय, सुरेश मालवीय ,पवन मालवीय,बंशराज सिंह आदि मतदाताओं ने मतदान कर उंगली में लगी स्याही दिखाकर खुशी जाहिर की। स्ट्रांग रूम में मतपेटी जमा एआर ओ राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि सायं साढ़े 6 बजे पुलिस बल की मौजूदगी में बाक्स को जमा करा दिया गया है।

## न्यूज झरोखा

### नगर निगम प्रयागराज द्वारा वृहद स्तर पर चलाया जा रहा स्वकर निर्धारण एवं गृहकर वसूली




**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज द्वारा वृहद स्तर पर चलाये जा रहे स्वकर निर्धारण एवं गृहकर वसूली कार्यवायी में मंगलवार को जोन-1 खुल्दाबाद वार्ड-44 ओम प्रकाश सभासद नगर-2 जागृति चौराहा के पास, जोन-2 मुटठीगंज वार्ड-76 बक्शी बाजार मंसूल अली पार्क जलकर कैम्प कार्यालय, जोन-3 कटरा वार्ड-41 न्याय मार्ग साई मन्दिर के सामने, जोन-4 अल्लापुर वार्ड-75 बक्शी खुर्द जल संस्थान कैम्प कार्यालय राधारमण के पास तथा जोन-5 नैनी वार्ड -33 काजीपुर आनन्द नगर चौराहा आईटीआई के सामने काजीपुर क्षेत्र लगाये गये कैम्पों में 107 भवन स्वामियों द्वारा स्वकर रिर्टन भर कर दाखिल किया गया जिसके एवज में 89 भवन स्वामियों द्वारा रू0-4,17,270-00 गृहकर जमा किया गया। अबतक कुल 907 लोगों द्वारा अपने भवन का स्वकर रिर्टन दाखिल किया गया है, जिसमें से 660 लोगों द्वारा कुल 30,87,178-00 गृहकर जमा कराया गया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा सभी राजस्व निरीक्षकों तथा कर अधीक्षकों को निर्देशित किया कि गृहकर निस्तारण कैम्पों में स्वकर निर्धारण रिटर्न की संख्या प्रतिदिन बढती जा रही है जिसे अविलम्ब निस्तरण कराया जाये।आगामी दिवस में लगाये जाने वाले कैम्प पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही लगायें जायेंगे। पी0के0द्विवेदी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 06 सितम्बर 2023 को जोन-1 खुल्दाबाद वार्ड-54 प्रीतम नगर पानी की टंकी के पास, जोन-2 मुटठीगंज वार्ड-69 मिनहाजपुर तसलीमउद्दीन पार्षद कार्यालय निमन्हाजपुर, जोन-3 कटरा वार्ड-02 राजापुर भारत भारती स्कूल, तथा जोन-5 नैनी वार्ड-11 जहांगीराबाद खान चौराहा के पास महेवा नैनी में कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

### जमीन विवाद मे एस डी एम ने दिया उचित कार्यवाई का आदेश



**नैनी।** नैनी जहांगीराबाद उपहार, थाना नैनी के अंतर्गत एक जमीनी विवाद में एसडीएम के रोक के बाद भी निर्माण हो रहा है जिससे परेशान होकर भुक्तभोगी अहद उल्ला पुत्र शुकुरुल्ला अधिकारीयों के यहाँ बार बार चक्कर लगा रहा है। अहद उल्ला ने बताया कि आ0सं0 249 मि0 रकबा 0.1440 हे0 व आ0 सं0 249 मि0 रकबा 0.1870 हे0 स्थित मौजा जहांगीराबाद उपहार, थाना नैनी, तहसील करछना जनपद प्रयागराज के सम्बन्ध में वाद संख्या टी202302030809007 अहद उल्ला बनाम जयलक्ष्मी आदि धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 दाखिल किया है। जिसमें उपजिलाधिकारी ने अपने आदेश दिनांक 04.09.2023 को उपरोक्त आराजियात पर उभयपक्ष मौके पर नवैयत परिवर्तन न करने से रोका गया है, कोई भी पक्ष मौके पर किसी प्रकार का कोई निर्माण कार्य न करे, इसके बावजूद भी विपक्षी आशा देवी पत्नी कृष्णाकांत व जय मिश्रा पुत्र कृष्ण कांत व उनके मेली मददगार मौके पर लगातार निर्माण कर रहे है।जिसके बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और विविध कार्यवाही करते हुए निर्माण को रोकवाया पर उसके तुरंत बाद निर्माण कार्य पुनः चालू हो गया। अब निर्माण कार्य रुकवाने के लिए भुक्तभोगी शासन प्रशासन के पास भाग दौड़ कर रहा है पर इसका कोई उचित न्याय नहीं मिल रहा है।

### तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम का हुआ समापन



**झूंसी।** त्रिवेणीपुरम स्थित माता कलावती कॉलेज आफ स्पेशल एजुकेशन परिसर में चल रहे भारतीय पुनर्वास परिषद भारत सरकार द्वारा अनुमोदित तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम का बुधवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आरती त्यागी ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए दिव्यंका पुनर्वास के क्षेत्र में संसाधन कैसे जुटाए जाते हैं इसका प्रयोग कैसे किया जाता है इसकी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन गोपेश तिवारी ने प्रोफेशनल को प्रमाण पत्र वितरित किए। संचालन कर रही प्रज्ञा तिवारी ने सभी प्रतिभागियों एवं वक्तों का धन्यवाद व्यापित किया। कार्यक्रम में अक्षत, दीपक त्रिपाठी, श्वेता वर्मा, पूनम त्रिपाठी, सूरज आदि मौजूद रहे।

### दो माल में भिड़ंत, दर्जनों पेटी शराब हुई बर्बाद



**झूंसी।** अंदावा स्थित गोदाम से शराब लेकर नैनी जा रहा माल वाहक बुधवार को शास्त्री पुल पर आगे चल रहे एक माल वाहक से टकरा गया। जिसमें चालक घायल हो गया और दर्जनों पेटी शराब की बोतले भी टूट गई। मौके पर अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया और हादसे की वजह से जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मालवाहक को रास्ते से हटवाकर आवागमन सुचारू कराया।कटका झूंसी निवासी रोहन मिश्रा बुधवार की शाम मालवाहक अप्पे से शराब की पेटिया लाद कर नैनी दुकान पर सप्लाई के लिए जा रहा था। वह शास्त्री ब्रिज पर पहुंचा था अचानक उसकी अप्पे अनियंत्रित होकर आगे चल रही मालवाहक टाटा 407 में टकरा गई जिसकी वजह से चालक रोहन को गंभीर चोटें आई वहीं हजारो की शराब की बोतल टूट कर सड़क पर बिखर गई। इस वजह से यातायात भी प्रभावित हो गया और झूंसी की ओर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस आवागमन सुचारू करने में जुट गई। स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और आनन फानन में सड़क पर पड़ी पड़ी शराब की बोतलो के साथ दोनों वाहनों को हटाकर सड़क खाली कराया। फिर यातायात सुचारू हो सका।

# नगर निगम प्रयागराज कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज व जलकल विभाग, नगर निगम प्रयागराज के कार्यकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी द्वारा बुधवार को समिति द्वारा निम्नांकित निर्णय लिये गये ।नगर निगम क्षेत्र के विकास कार्यों के लिये प्रत्येक पार्षदों को 20-20 लाख रू0 के कार्यो की प्रगति कार्यो के सम्बन्ध में मुख्य अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि 95 वार्डो में निर्माण कार्यो के 106 कार्यों के टेण्डर जारी किया गया है। 15वें वित्त से 133 कार्यों में 60 कार्यो के टेण्डर जारी किया गया अन्य कार्यवाही में है। अवस्थापना निधि द्वारा कराये गये कार्य स्वीकृति की प्रत्याशा में है। नगर निगम के सभी 387 पार्कों में 200 पार्कों का कार्य पूरा हो गया है। अन्य पार्कों कों 15वें वित्त के अन्तर्गत सौन्द्रीयकरण कराया जायेगा। इसी के साथ ही दुर्गा पूजा पार्क तथा रामलीला पार्कों का रंग-रोगन कराये जाने के निर्देश दिये गये है। महापौर द्वारा कहा गया कि निर्माण कार्य समय से पूरा न करने पर सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म को नोटिस जारी किया जाये। नगर आयुक्त द्वारा पी0एम0आई0 प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट इन्फॉरमेशन साफटवेयर की सहायता से सभी निर्माण कार्य की निगरानी की जायेगी जिसमें किसी प्रकार की ठेकेदार/फर्म की तरफ से लापरवाही नही हो सकेगी। नगरीय सृजन योजना के तहत नगर निगम के विस्तारित क्षेत्र में पार्क, तालाब तथा अन्य योजनाओं को किसी विशेषज्ञ से तैयार कराया जाये। इसके साथ ही नगर सृजन योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य हेतु 17 करोड़ की धनराशि प्राप्त है जिसमें 49 कार्यो पर कार्य कराया जा रहा है लगभग 23 करोड की धनराशि का कार्य प्रस्ताव के लिए प्रेषित किया गया है। महापौर द्वारा कहा गया कि यह संकल्प लिया गया है कि विस्तारित क्षेत्रों को भी शहरी विद्युत व्यवस्था से जोड दिया जाये जिसके लिए विद्युत विभाग तथा जिलाधिकारी प्रयागराज को पत्र भेजा जाए।मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि दाखिल-खारिज के सम्बन्ध में वित्तीय वर्ष 2023-24 में लम्बित प्रकरणों की संख्या 2429 के सापेक्ष 2052 प्रकरणों को निस्तारित किया गया है। 42 पर जोनल कार्यालय के स्तर पर सुनवाई की जा रही है। अन्य पर कार्यवाही प्रगति में है।आगामी गणेश उत्सव तथा दधिकान्दों त्योहारो के दृष्टिगत मुख्य अभियन्ता द्वारा बताया गया कि सभी लिंक मार्गों तथा सड़कों पर गडढों पर पैच वर्क, पुलिया मरम्मत, कराया जायेगा। सम्पूर्ण क्षेत्रों में सफाई कार्य तथा ऐसे स्थानों पर जहॉ बल्क मात्रा में कूडा एकत्रित होता है उसे तत्काल हटाते हुए सफाई कार्य कराया जाय।

जिन क्षेत्रों में दधिकान्दों मेले का आयोजन हो रहा है उन क्षेत्रों में सर्वप्रथम निरीक्षण करा कर शतप्रतिशत स्ट्रीट लाइटे जलवाना सुनिश्चित कराएं। सहायक अभियन्ता विद्युत द्वारा कहा गया कि सभी बुझे हुए लाइटों का प्रत्येक तीन माह में पूरे शहर का सर्वे कराया जाएगा यदि सम्बन्धित फर्म द्वारा रिपेयर का कार्य नही किया जायेगा तो निगम स्वंय ही उस कार्य को करायेगा साथ ही फर्म द्वारा प्रस्तुत बिलों पर उस कार्य की कटौती की जाएगी। 1533 तथा 1920 टोल-फ्री नम्बरों पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण न होने पर जुमार्ने का प्रावधान है। महापौर जी द्वारा घोषणा की गयी कि मूर्ति विसर्जन हेतु अन्दावां तालाब के स्थान पर रामघाट में मूर्ति विसर्जन किया जाए क्यो कि इस समय तालाब का पानी काफी गन्दा है सभी तरह की गन्दगियां बहकर आ रही है यह त्योहार सभी की आस्था से जुडा है ऐसी जगह मूर्ति विसर्जन नही किया जाना चाहिये।

यमुना बैक रोड पर शहीद पार्क तथा घाट का सौन्द्रीयकरण कार्य के लिए आगामी सप्ताह में टेण्डर जारी कर दिया जाए तथा शहीद पार्क की साफ-सफाई कार्य तत्काल करायी जाए। विस्तारित क्षेत्र में 28 नये वार्ड है जिसकी आबादी लगभग 435528 है जिसमें कुल 1190 सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता है वर्तमान समय में 556 कर्मचारी/मैनपावर लगाये गये है अन्य को डूडा के माध्यम से लेने की कार्यवाही चल रही है। महापौर द्वारा आदेशित किया गया कि जिन वार्डो में कर्मचारी सेवा निवृत्त हो रहे है उनके स्थानों पर तत्काल कम्चारी उपलब्ध कराये जाये। साथ ही विस्तारित क्षेत्र के वार्डो में यदि सफाई कर्मचारियों की कमी है तो एक सप्ताह के अन्दर उसे उपलब्ध कराया जाय। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि स्वकर निर्धारण हेतु प्रत्येक वार्डो में नियमित रूप से कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत दिनांक 06.09.2023 को लगाये गये कैम्पों में 51 भवन स्वामियों द्वारा स्वकर रिर्टन भर कर दाखिल किया गया जिसके एवज में भवन स्वामियों द्वारा रू0-2,56,655-00 गृहकर जमा किया गया। अबतक कुल 958 लोगों द्वारा अपने भवन का स्वकर रिर्टन दाखिल किया गया है, जिसमें से 724 लोगों द्वारा कुल 33,43,833-00 गृहकर जमा कराया गया। नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग 1 लाख 40 हजार लोगो के फोन नं0 का डाटा कलेक्ट कर लिया गया है जिनपर शीध्र ही एस0एम0एस0 तथा वाईस कॉलिंग के माध्यम से आम जनमानस को उनके गृहकर की सूचना दी जायेगी जिससे कि वे छूट के लाभ से वंचित न रहें एवं इस हेतु प्रचार-प्रसार भी कराया जाएगा।

# पारम्परिक खेती के साथ व्यवसायिक खेती पर डीएम ने दी जानकारी

## आंवले की खेती में आने वाली चुनौतियों एवं समाधान विषयक पर हुई कार्यशाला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** ऑवले की खेती में आने वाली चुनौतियों एंव समाधान विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन तुलसी सदन (हादीहाल) में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान रहमानखेड़ा लखनऊ डॉ0 पंकज तित्राठी के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ0 त्रिपाठी ने कहा कि आवंले का प्राकृतिक रूप से ऊसर भूमि सुधार पर सकरात्मक प्रभाव पड़ा, साथ ही जिप्सम के प्रयोग से भूमि में सुधार हुआ। उन्होने एफ0पी0ओ0 से संबधित कृषकों की समस्त प्रकार की समस्याओं का समाधान एफ0पी0ओ0 शक्ति पोर्टल से करने



आंवला कार्यशाला कार्यक्रम में डीएम को सम्मानित करते लोग।

की सलाह दी गई। तत्पश्चात राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के निदेशक डॉ0 अरूण चन्दन ने पर्यावरणीय आपदा से जूझ रहे कृषकों को राहत देने एंव प्राकृतिक खेती के विस्तार हेतु विस्तत चर्चा की, साथ ही कृषकों को ई-चरक एप के विषय में जानकारी प्रदान की गयी। डॉ0 पी0के कनौजिया उप निदेशक रहमान खेड़ा ने ऑवले की खेती के साथ-साथ इण्टर क्रापिंग जैसे- तुलसी, अश्वगंधा, कालमेघ आदि की खेती करने पर जोर दिया। जिला उद्यान अधिकारी सुनील शर्मा ने विभाग में संचालित योजनाओं के विषय में एंव विभाग द्वारा देय अनुदान के विषय में विस्तार से चर्चा की, नर्सरी में उपलब्ध ऑवले की प्रजाति एन-7, एन-10 लगाने के सुझाव दिये, साथ ही अमरूद, पान, मशरूम की खेती एंव मधुमक्खी पालन का सुझाव दिया।

जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक गोपाल शेखर झा द्वारा फसल बीमा, के0सी0सी0, एंव ऑवला की खेती हेतु एक जिला एक उत्पाद के अन्तर्गत बैंक द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे ऋण के विषय में जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने पारम्परिक खेती के साथ व्यवसायिक खेती, कम भूमि पर अधिक उत्पादन कर अधिक लाभार्जन पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया भी उपस्थित रही। ऑवला उत्पादन से जुड़े अच्छे कृषकों, उद्यमियों, मण्डी के व्यवसायियों, ऑवला प्रसंस्करण से जुड़े व्यवसायियों एंव न्यू स्टार्ट अप के प्रतिनिधियों द्वारा कार्यशाला में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में ऑवला से संबधित प्रदर्शनी/स्टाल लगाकर प्रतिभाग करने वाले कृषकों को ऑवला उत्पादन में आने वाली चुनौतियों के समाधान हेतु विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा कार्यशाला से संबधित समस्याओं के समाधान हेतु भारत सरकार को प्रेषित किया गया। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा एक जिला एक उत्पाद में जिले की कृषि उत्पाद ऑवला को वैश्विक पहचान मिल गई है, भारत सरकार के बौद्विक संपदा अधिकार प्राधिकरण ने प्रतापगढ़ के आंवला को जीआई टैग प्रदान कर दिया है। ऑवला उत्पादक कृषकों वीरेन्द्र प्रताप सिंह, उत्कृष्ट पाण्डेय गंगा सागर, हवलदार सिंह, शिव बहादुर सिंह अंजनी कुमार सिंह द्वारा अपना-अपना सुझाव एंव समस्याओं के विषय में अवगत कराया गया जिसमें प्रमुख समस्या मण्डी विपणन एंव उचित मूल्य न मिलने से है। इस मौके पर प्रगतिशी कृषकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एस0के0सिंह सलाहकार द्वारा किया गया इस मौके पर कृषि विभाग के समस्त अधिकारी एंव कर्मचारी मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्यो की समीक्षा की

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्यो की समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश गुप्ता उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने अब तक किये गये सर्वे की प्रगति की समीक्षा की एवं कल से जनपद के समस्त ग्रामों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। इसके अलावा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पंचायत सहायकों की ड्यूटी में संशोधन करने एवं उनकी कल पुनः टेर्जनिंग कराने के निर्देश दिया गया जिससे सभी पंचायत सहायक सुमगता से कार्य कर सके। अपर जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी को तहसील के लेखपालों को सर्वे के कार्य में लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, तहसील स्तर की क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष, समस्त तहसीलों के उप जिलाधिकारी, जनपद के समस्त ब्लाकों के खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत भी उपस्थित रहे।

## दहेज हत्या में पति को आजीवन कारावास, दोष दोषमुक्त, 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने दहेज हत्या के मामले में अभियुक्त सूरज कुमार सुत गणेश निवासी रुदापुर थाना कोतवाली को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है तथा दहेज प्रताड़ना में तीन वर्ष का कारावास व 10 हजार रुपये जुमार्ना भी ठोंका। इस मुकदमे में अभियुक्त गेना देवी पत्नी गणेश राहुल सुत गणेश, आरती पुत्री गणेश तथा राम गणेश प्रजापति को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

घटना के बारे में बताया जाता है कि राजाराम पति सुत राम सुचित निवासी बड़नपुर थाना कोतवाली ने अपनी पुत्री संजू की शादी सूरज कुमार के साथ 5 फरवरी 2018 को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्पन्न हुआ था। विवाह का कार्यक्रम जीआईसी परिसर में हुआ था लेकिन गणेश ने कहा कि मैं बारात लेकर आऊंग। वादी राजाराम मजबूती में राजी हुआ और 18 अप्रैल 2018 को बारात आई। वहीं से वादी से मोटरसाइकिल, 20 हजार रुपये व सोने की मांग की गई। वादी ने गरीबी का हवाला देते हुए कहा कि मेरी औकात नहीं है। इस पर लड़की को लेकर चले गये और फोन पर दहेज की मांग करने लगे। 29 मई 2018 को फोन से सूचना आई कि आपकी लड़की खत्म हो गई है। इस पर जब हम लोग उनके घर भागकर देखा कि लड़की के मुंह और नाक से खून निकला था। लड़की को गेना देवी सास, पति सूरज कुमार, ससुर गणेश, देवर राहुल तथा ननंद आदि प्रताड़ित करते थे। राज्य की ओर से पैरवी शासकीय अधिवक्ता योगेश शर्मा तथा सहायक शासकीय अधिवक्ता विक्रम सिंह ने किया।



कचहरी में प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

## हापुड़ की घटना पर अधिक्ताओं ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हापुड़ की घटना को लेकर कचेहरी के अधिवक्ताओं ने रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्तेश्वर नाथ ओझा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि हापुड़ की घटना में जब तक दोषियों के ऊपर कार्यवाही नहीं की जाएगी, तब तक अधिवक्ता शांत नहीं बैठेंगे। इस दौरान अधिवक्ताओं ने दोषियों पर कार्यवाही किये जाने की मांग की। इस मौके पर आचार्य ओमप्रकाश मिश्र, रोहित शुक्ल, जय प्रकाश मिश्र, डॉ नीरज त्रिपाठी, विनय सिंह, पुष्पराज राज सिंह, राजकुमार सिंह, संतोष सिंह, लल्लू बाली, ज्ञान प्रकाश शुक्ल समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

### भयहरणनाथ धाम में सावन मेला की समीक्षा बैठक 10 को

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम मे धाम की प्रबंध संस्था भयहरण नाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान द्वारा सावन व अधिक मास मेला की समीक्षा बैठक 10 सितम्बर को अपरान्ह दो बजे होगी। बैठक मे प्रबंध समिति, संरक्षक मण्डल व व्यवस्था समिति के पदाधिकारी गण प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी देते हुए धाम के महासचिव समाज शेखर ने बताया की बैठक मे मेले की समीक्षा के साथ साथ भावी विविध योजनाओं पर भी विचार होगा। साथ ही धाम के सम्पूर्ण इतिहास, भूगोल व प्राचीन पौरार्णिक कथा व संदर्भ के साथ कार्यक्रम व उपलब्धियों को समाहित कर भयहरण नाथ धाम महाग्रंथ के प्रकाशन की प्रस्तावित योजना को अंतिम रूप दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति अथवा सदस्य लिखित रूप से बैठक के पूर्व अपनी राय व सुझाव सीधे महासचिव को मोबाइल नम्बर 8400702124 पर दे सकता है। साथ ही बैठक मे प्रतिभाग कर सीधे अपनी बात अथवा सुझाव अनुमति लेकर रख सकता है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का करायें निस्तारणः जिला जज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 09 सितम्बर 2023 के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद की अध्यक्षता में न्यायालय सभागार में बैठक की गयी। बैठक में जिला जज ने कहा कि दिनांक 09 सितम्बर 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे से जनपद मुख्यालय के साथ ही साथ समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन वाद, सिविल वाद, मोटर दुर्घटना दावा, विवाह व भरण पोषण विवाद, चेक बाउन्स, मोटर यान अधिनियम सम्बन्धी वाद, शमनीय दाण्डिक वाद, राजस्व वाद, चकबन्दी वाद, बैंक रिकवरी, श्रम, बीमा, बिजली व टेलीफोन सम्बन्धी, जल कर निर्धारण, नगर पालिका कर निर्धारण के विरूद्ध अपील आदि का निस्तारण समझौता व संस्वीकृति के आधार पर किया जायेगा। लोक अदालत में पारित निर्णय अन्तिम होता है एवं इसकी किसी अन्य न्यायालय में अपील नहीं होती है। उन्होने अधिकारियों से कहा कि सभी अपने न्यायालय में लम्बित अधिक से अधिक मामलें चिन्हित करें ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराया जा सके। बैठक का संयोजन अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल द्वारा किया गया।

## देश में शिक्षकों का सम्मान सर्वोपरिः सदर विधायक

### राजा दिनेश सिंह सभागार में शिक्षकों को किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सयोजकत्व में राजा दिनेश सिंह सभागार में सम्मान समारोह संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह रहे।

इस अवसर पर प्रतापगढ़ जनपद के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शिव बहादुर एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल व जिला मंत्री विनय सिंह एवं मांडलिक मंत्री अनिल पांडे उपस्थित रहे। सम्मान समारोह का संचालन प्रभाशंकर पांडे ने किया किया। समारोह में कुल 54 शिक्षकों को अंग वस्त्रम व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री मौर्य ने कहा कि आज देश में शिक्षकों का सम्मान सर्वोपरि है। गुरु ही श्रेष्ठ है शिक्षक ही समाज को नई दिशा देने का कार्य करता है शिक्षक समाज की नई पीढ़ी को सजाने संवारने का कार्य करता है। आज शिक्षक का सम्मान करते हुए मुझे बहुत हर्ष हो रहा है शिक्षक समाज का सजक प्रहरी होता है जिस देश में शिक्षक का सम्मान होता है। वह देश उन्नत के शिखर पर बढ़ता रहता है। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह ने कहा गुरु की महत्ता सर्वोपरि है। गुरु कुम्हार शिशु कुंभ है। इस प्रकार से शिक्षक ही भावी पीढ़ी का भाग्य विधाता है। शिक्षक के द्वारा समाज में गुणात्मक विकास होता है और वह राष्ट्र सदैव संस्कारवान और देश के प्रति निष्ठा व समर्पण के भाव से कार्य करने के प्रति निर्माण करता है। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने कहा कि विषम परिस्थित में भी शिक्षकों ने देश के मस्तक को ऊंचा करने का काम समाज में रहकर किया है। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री विनय सिंह ने भी अपने विचार रखे। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर मुख्य अतिथि विधायक राजेंद्र मौर्य व नगर पालिका के अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह ने एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्राथमिक शिक्षक संघ शिवगढ़ के अध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडे ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रामानंद मिश्रा, पंकज तिवारी, अजीत कुमार, विजय कुमार, प्रभाकर प्रताप सिंह, मनोज पांडे, ए सुशील, बृजेश प्रताप सिंह, निर्भय सिंह, राकेश सिंह, पन्नालाल, आलोक कुमार सिंह, महिमा शुक्ला, दिनेश सिंह, शिवबरन, रमेश मिश्रा, इंद्रसेन सिंह, सुधीर सिंह, हाशिम, प्राची बघेल, शिल्पा शुक्ला, विजय प्रताप, चंद्रेश पांडे, संजय सिंह, रामकुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



शिक्षक को सम्मानित करते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

## न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में धूमधाम से मनी कृष्ण जन्माष्टमी

### नृत्य कला में चित्रा शर्मा रही अव्वल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चे राधा कृष्ण की वेष भूषा में विद्यालय के हर कोने को सुशोभित करते नजर आए। चेयर पर्सन डॉ शाहिदा ने एन्जिल्स परिवार को जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं इस अवसर पर राधा कृष्ण पर आधारित सोलो नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन मैनेजर एच. आर. कु. एफ. जीनत द्वारा कक्षा 6 से 11 तक के चारों हाउस... अचीवर, बिलीवर, कान्करर और चैलेन्जर, के मध्य कराया गया। इस अवसर पर सभी हाउस की लगभग सभी छात्राओं ने राधा कैसे न जले...,कान्हा सो जा जरा.., वो किसना है...,श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम...,राधा नाचेगी...राधे राधे आदि पर बढ़ चढ़ कर नृत्य कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर तीन जजों की नियुक्ति की गयी कु. एफ. जीनत, आर.के.सिंह, पूनम श्रीवास्तव जिन्होंने अलग अलग नृत्य को अंक दिये और अंत में निर्णय तीनो के आधार पर किया गया। कु. चित्रा शर्मा कक्षा 8, अचीवर हाउस प्रथम, अंशिका चन्द्रा, कक्षा 10, बिलीवर हाउस, द्वितीय और अदिति सिंह कक्षा11, अचीवर हाउस तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को प्रधानाचार्य बी. के. सोनी ने पुरस्कृत किया और सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में राधा कृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चे।

### दो हास्पिटल संचालक के खिलाफ एफआइआर का आदेश

**प्रतापगढ़।** बिना पंजीकरण के चल रहे दो हास्पिटल के विरुद्ध एफआइआर कराई जाएगी। नगर के दहिलामऊ स्थित बाला जी हास्पिटल व रानीगंज के ग्लोबल इमरजेंसी हास्पिटल को सीएमओ ने नोटिस देकर पंजीकरण कराने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद इन दोनों अस्पतालों के संचालकों ने पंजीकरण के लिए न तो आनलाइन आवेदन किया और न ही नोटिस का कोई जवाब दिया।

## राम कृपाल मिश्र इंटर कालेज व पैराडाइस स्कूल में मना कृष्ण जन्मोत्सव

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर स्थित रामकृपाल मिश्र इंटरमीडिएट कॉलेज एवं चिल्ड्रन पैराडाइस स्कूल में कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया विद्यालय में कृष्ण जन्मोत्सव में विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों की झांकी निकाली गई जिसमें राधा कृष्ण की वेशभूषा में छात्राओं ने कृष्ण जन्मोत्सव पर कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मनमोह लिया। सुदामा चरित्र, कृष्ण और राधा, मथुरा के कृष्ण, बाल यशोदा नन्दन के आकर्षक वेशभूषा में सजे छात्राओं ने आकर्षक एवं मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विधालय मे जन्मोत्सव दही हांडी फोड? का कार्यक्रम भी काफी साराहा गया। बच्चों की टोली दहीहांडी को फोड? को लेकर कई बार लड़खड़ाई और गिरी। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक चतुर्भुज मिश्रा, सुशील मिश्रा, शमशाद अहमद, सरोज सिंह व संजू तिवारी कोआर्दश शिक्षण कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के समन्वयक राज त्रिपाठी विद्रोही ने किया। संयोजन उपप्रधानाचार्य ध्रुव नारायण मिश्रा ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास मिश्रने कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले छात्र-छात्राओं को तथा शिक्षकों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में किरण कुमार ओझा, कुलदीप मिश्रा, राम प्रसाद वर्मा, देवयानी यादव, सुचित्रा त्रिपाठी, पारूल शुक्ला, डॉली पांडे, अनामिका सिंह श्रुति पांडे,आदि मौजूद रहे।



राधा कृष्ण की वेषभूषा में सजे बच्चे।

## भक्ति धाम मनगढ़ में फायर ब्रिगेड ने सुझाए आग से बचाव के तरीके

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व भक्तिधाम मनगढ़ कुंडा में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के आदेशानुसार मंदिर परिसर की आंतरिक सुरक्षा में तैनात फायर सर्विस के एएसआई राधेश्याम दूबे ने महेंद्र कुमार के साथ मंदिर के सुरक्षा कर्मियों, इलेक्ट्रोशियन, भंडारा/मेस में कार्य करने वाले सेवादारों को फायर ड्रिल मॉक ड्रिल कराकर प्रशिक्षित किया। मंदिर परिसर में स्थापित फायर हाईड्रेन्ट, फायर अलार्म, फायर एक्सटिंगुशर आदि का परीक्षण कराया गया तथा उपस्थित जनसमुदाय को उपकरणो को आपरेट करने की विधि बताई।

परियावां प्रतिनिधि के अनुसार भक्तिधाम मनगढ मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर भारी सुरक्षा ब्यवस्था के इंतजाम किये गये है पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने जन्माष्टमी के पर्व पर भारी भीड़ को कंट्रोल मे करने के लिए पुख्ता इंतजाम किये है। मालूम हो कृष्ण महोत्सव को देखते हुये भक्ति धाम मनगढ कुंडा को दुल्हन की तरफ मंदिर ट्रस्ट की ओर से सजाया गया है श्रद्धालुओ को दर्शन मे किसी प्रकार की परेशानी न होने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। हालांकि श्रीकृष्ण महोत्सव का पर्व बुधवार व गुरुवार को पड़ने के कारण भीड़ की अधिक सम्भावना कम हो गई है एक दिन का पर्व होने पर भीड़ अधिक हो जाती थी। मंदिर की सुरक्षा ब्यवस्था मे 3 ड्रोन कैमरे व लगभग 100 सीसीटीवी कैमरा निगरानी के लिए लगाया गया है सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुये 1 एडीशनल 4 सीओ, 18 एसओ, 115 उपनिरीक्षक, 524 सिपाही 70 महिला की डियूटी लगाई गई है जिसमे फायर सुरक्षा समेत बम स्काट टीम भी लगाई गई है। मंदिर परिसर के अंदर व बाहर सिविल ड्रेस मे महिला पुरुष की तैनाती की गई है जो शरारती तत्वों को पलक झपकते ही गिरेबान पकड़ लेंगे।



भक्ति धाम मनगढ़ में आग से बचाव की जानकारी देते फायर ब्रिगेड अधिकारी।

## सांसद ने रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के ठहराव के लिए दिया रेल मंत्री को ज्ञापन

### कानपुर व लखनऊ इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन का अप व डाउन स्टापेज के लिए

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक पर कानपुर प्रयागराज इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन 14101 अप व 14102 डाउन तथा लखनऊ प्रयागराज इंटर सिटी एक्सप्रेस का14209 अप व 14210 डाउन ट्रेन का परियावां कालाकांकर रेलवे स्टेशन पर अप व डाउन एक मिनट स्टापेज के लिए 5 सितम्बर 23 को परियावां जिला पंचायत सदस्य अनुज सोनकर व ब्यापारियों की पुरानी चली आ रही मांग को गंभीरता से लेते हुये कौशाम्बी भाजपा सांसद बिनोद सोनकर ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्ण० को अपने लेटर पैड़ पर उक्त दोनो ट्रेन के ठहराव के लिए अनुरोध किया है जिसका शीघ्र ही परियावां स्टेशन पर ठहराव होने की बात सदस्य जिला पंचायत अनुज सोनकर ने कही।

उन्होंने यह भी बताया कि कानपुर इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन का समय में परिवर्तन किया जायेगा जो शाम की जगह सुबह कानपुर सेन्ट्रल जाएगी और शाम को कानपुर से वापसी होगी सांसद के इस प्रयास की परियावां नवाबगंज लवाना व आलापुर कालाकांकर के ब्यापारियों ने सराहना करते हुये जल्द स्टापेज कराने का सांसद से अनुरोध किया है ट्रेन के स्टापेज को लेकर परियावां व आस पास के बाजार के ब्यापारियो मे काफी उत्सुकता दिखाई दे रही है। यदि सब बोल ठीक रहा तो जल्द ही परियावां रेलवे स्टेशन पर उक्त दोनो ट्रेन का स्टापेज रेल मंत्री के आदेश पर रेल विभाग अमल करते हुये ट्रेन का स्टापेज भी वक्त कर सकता है जिसके लिए स्थानीय जिला पंचायत सदस्य अनुज सोनकर जी जान से सांसद से सम्पर्क बनाये हुये है।

# आईजीआरएस के निस्तारण में लापरवाह अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के डीएम ने दिए निर्देश

## उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** बैठक में जिलाधिकारी ने माह अगस्त में आई0जी0आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा के दौरान 02 या 02 से अधिक शिकायत डिफाल्टर पाये जाने पर जिला युवा कल्याण अधिकारी, ए0डी0ओ0 (पंचायत) मूरतगंज, प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नेवादा, पी0ओ0 नेडा, प्राचार्य आई0टी0आई0 एवं जिला उद्यान अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आई0जी0आर0एस0 के तहत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित किया जाय तथा विशेष ध्यान दिया जाय कि कोई भी शिकायत डिफाल्टर न होने पाये। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन आई0जी0आर0एस0 की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में एक भी शिकायत डिफाल्टर पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि अगर आपके विभागीय भूमि पर अवैध कब्जा है तो सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से समन्वय कर अवैध कब्जा हटवाया जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता, सिचांई को नहरो को संचालित कराने तथा सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं ई0ओ0 को सरकारी इमारतों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने तथा कार्यालयों को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों से कहा कि गौशालाओं के लिए चिन्हित चाराहगाहों में शत-प्रतिशत नैपियर घास की बुआई सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को पेंशन से सम्बन्धित आवेदनों का शीघ्र सत्यापन कराकर पात्रां को लाभान्वित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सी0एम0 डैशबोर्ड की विस्तृत समीक्षा के दौरान 10 से कम अंक प्राप्त इंडीकेटर्स के सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागीय इंडीकेटर में प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार 11 सितम्बर से 23 सितम्बर तक मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम मनाये जाने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं ई0ओ0 को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतवार/वार्डवार स्थल चिन्हित करते हुए क्लस्टरवाइज कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाय एवं तिरंगा व बैनर भी लगाया जाय। कार्यक्रम में जनसहभागिता सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि आमजन से एक मुट्ठी मिट्टी/एक चुटकी चावल घड़ा में एकत्र किया जायेंगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत से घड़ा को शोभायात्रा निकालते हुए ब्लॉक मुख्यालय में लाया जायेंगा तथा ब्लॉक मुख्यालयों से शोभायात्रा निकालकर जनपद स्तर पर लाया जायेंगा, जिसे लखनऊ भेजा जायेंगा। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आयुष्मान भारत योजना, ऑपरेशन कायाकल्प, मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना सहित आदि योजनाओं की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, ई0डी0एम0 कीर्त कुमार तथा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सनातन धर्म को निशाना बनाना बंद करें नेता वरना होगा बड़ा आंदोलन : विपुल त्रिपाठी

### कहा कि भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन का मकसद सनातन धर्म को मिटाना एवं देश मे धार्मिक विद्वेष फैलाना



**कौशाम्बी।** सनातन धर्म को निशाना बनाना या देश मे विद्वेष फैलाना बंद ना करने पर इंडियन सवर्ण समाज पार्टी एवं केसरिया जागृति मंच बड़ा आंदोलन करेगा तमिलनाडु के युवा कल्याण एवं खेल मंत्री एवं डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को समाप्त करने वाले अमर्यादित बयान को इंडियन सवर्ण समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं राष्ट्रीय सह-प्रभारी तथा केसरिया जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा विपुल त्रिपाठी ने कहा कि यह सिर्फ स्टालिन का ही नही बल्कि भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन का मकसद है कि देश मे विद्वेष फैले और सनातन धर्म को समाप्त हो,इसी प्रकार सपा के राष्ट्रीय महासचिव तथा विधान परिषद सदस्य के एक नही अनेक बार हिंदू धर्म को अपमानित करने तथा ब्राह्मण समुदाय को निशाना बनाने वाले बयान आये।विपुल ने कहा कि इसी प्रकार विगत पूर्व मे कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा उनके बेटे के भी सनातन धर्म को अपमानित करने के बयान आये,इसी कडी.मे आम आदमी पार्टी के दिल्ली के पूर्व मंत्री राजेंद्र गौतम ने हिंदू देवी देवताओ को ना मानने की शपथ दिलायी,इसी तरह टीएमसी की सासंद महुआ मोईत्रा ने भी माँ काली को मीट खाने वाली तथा शराब स्वीकार्य करने वाली देवी बताया, सनातन धर्म के खिलाफ बयान देने मे कांग्रेस के नेता अव्वल है जिनकी कडी. लंबी है जिसमे असम प्रदेश अध्यक्ष,मध्य प्रदेश के विधायक शामिल है।विपुल त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन खासकर कांग्रेस,सपा के नेताओ ने देश मे विद्वेष फैलाना तथा धार्मिक निशाना बनाना जातीय वैवादिक बयान देना बंद नही किया तो हम एक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## कुएं में गिरने से गौवंश की मौत ग्रामीणों ने निकाल कर दफनाया

**अझुवा कौशांबी।** सिराथू तहसील के ग्राम सभा रघुनाथपुर के माजरा खत्री पुरा गांव के पश्चिमी छोर पर स्थित समतल कुआं में एक आवारा गौवंश घास चरते हुए गिर गया ग्रामीण और किसानों को खबर लगने पर गांव में हल्ला मच गया किसानों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना करते हुए किसी प्रकार गौवंश को कुएं से निकाल लिया तब तक गौवंश की मौत हो चुकी थी ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों के सहयोग से जेसीबी बुलाकर आवारा गौवंश को दफना दिया है।

**जिला उद्योग बन्धु की बैठक 08 सितम्बर को :** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्यमियों की समस्याओं का समाधान के लिए जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक दिनांक 08 सितम्बर 2023 को सायं 04 बजे उदयन सभागार में आहूत की गई है। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग ने दी।

**जिला पंचायत की बैठक 11 सितम्बर को :** अध्यक्षा,जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर की अध्यक्षता में जिला पंचायत की बैठक दिनांक 11 सितम्बर 2023 को मध्यान्ह 12 बजे जिला पंचायत के रत्नावली सभागार में आहूत की गई है। यह जानकारी अपर मुख्य अधिकारी ने देते हुए जिला पंचायत के समस्त जनप्रतिनिधि गणों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों से बैठक में प्रतिभाग करने का आग्रह किया है।

## एसडीएम ने दो लेखपालों को किया सस्पेंड

### लेखपालों ने एसडीएम और स्टेनो के खिलाफ किया प्रदर्शन एसडीएम चोर है के लगाए पोस्टर






अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के सिराथू तहसील में तैनात दो लेखपाल के निलंबन से खफा लेखपालों ने मंगलवार को सिराथू तहसील में जमकर धरना प्रदर्शन किया और एसडीएम और स्टेनो के खिलाफ नारेबाजी की। एसडीएम व नायब तहसीलदार पर तानाशाही से काम करने व लिपिक से धन वसूली कराने का आरोप भी लगाया।लेखपालों की हड़ताल से मंगलवार को आए लोग मायूस होकर लौट गए, इससे उनमें खासी नाराजगी रही। सिराथू तहसील में तैनात लेखपाल विनोद कुमार मिश्रा व शिव शंकर पाल पर घरौनी के नाम पर वसूली करने व कोर्ट में रिपोर्ट पेश करने के लिए मामले में एसडीएम सौम्य मिश्रा ने निलंबित कर दिया। इससे लेखपाल संघ खफा हो गया, लेखपालों की मंगलवार को तहसील में बैठक हुई। बैठक में गलत तरीके से काम करने तानाशाही रवैया अपनाकर लेखपालों का उत्पीड़न करने, इतना ही नहीं एक लिपिक के माध्यम से वसूली कराए जाने का आरोप लगाते हुए लेखपाल खासा आक्रोशित रहे। प्रदर्शन करने के साथ ही लेखपालों ने अधिकारियों के खिलाफ एसडीएम चोर है और स्टेनो चोर है के पोस्टर लगाकर जमकर नारेबाजी भी की। हड़ताल की वजह से तहसील आए लोगों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ा।तहसील का पूरा काम ठप पड़ा रहा। भूमि की पैमाइश, रिपोर्ट आदि नहीं लग सकी। इससे लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ा। वहीं इस मामले में एसडीएम सौम्य मिश्र ने हड़ताल को गलत बताया है, उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने नियमावली के विरूद्ध हड़ताल की है, हड़ताल करने वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी करके उन्हें कड़ी चेतावनी जारी की गई है।उन्होंने कहा कि किसी की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्हे उनके गलत कार्यों की सजा भी मिलेगी।

## चौराडीह के दंगल में सूरज को पटकनी देकर आकाश बने चैम्पियन

### पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने पहलवानों का उत्साह वर्धन करते हुए विजेता पहलवानों को पुरस्कृत किया

अखंड भारत संदेश



**महगाँव कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के चौराडीह गांव में दो दिवसीय विराट इनामी दंगल का समापन बुधवार को हुआ। चैम्पियन कुश्ती के पहले प्रदेश के अलग अलग जनपदों से आए पहलवानों ने जोर आजमाइश करते हुए अपनी अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला कौशाम्बी के आकाश तिवारी व बांदा के सूरज के बीच हुआ। सूरज को पटकनी देते हुए आकाश ने चैम्पियन के खिताब पर कब्जा किया। चौराडीह गांव में अयोजित इनामी दंगल के अंतिम दिन हुई तीन इनामी कुश्तियों में भोंदल पहलवान गड़वा व इरफान पहलवान के बीच हुई जिसमें भोंदल विजई रहे और महिला कुश्ती में वैशाली पहलवान ने अनन्या पहलवान को पटकानी देते हुऐ विजई रही तीनों कुश्तियों के विजेता पहलवानों को कमेटी की ओर से इनाम देकर सम्मानित किया गया। अंत में दो चैंपियन कुश्ती करवाई गई पहली चैंपियन कुश्ती आकाश पहलवान बमरौली तथा सूरज पहलवान बांदा के बीच हुई जिसमें आकाश ने बाजी मारी तथा दूसरी चैंपियन कुश्ती में लालता पहलवान हकीमपुर और राजेश पहलवान टेवा के बीच जोर दार कुश्ती हुई जिसमे टेवा के पहलवान राजेश ने बाजी मारी। दिनों चैम्पियन कुश्ती में दोनों पहलवानों के बीच काफी देर तक कुश्ती चली जिसमें दर्शको को आनंद आ गया दंगल देखने के लिए भारी संख्या में लोग मौजूद रहे भारी भीड़ देखने को मिली चैम्पियन कुश्ती के विजेता आकाश व सेकेंड चैम्पियन कुश्ती के विजेता राजेश पहलवान को इनामी पैसे व पुरस्कार दंगल कमेटी ने दिया इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने पहुंच कर पहलवानों का उत्साह वर्धन करते हुए विजेता पहलवानों को पुरस्कृत किया।

दंगल का आयोजन चौराडीह ग्राम प्रधान कल्लू पासी व ग्राम प्रधान प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इस दौरान चरवा थाना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह अपने पुलिस बल के साथ पहुंच कर दंगल को शान्ति पूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 सितम्बर को

अखंड भारत संदेश

**लघु वाद के मामलों के निस्तारण के लिए 3 दिन विशेष लोक अदालत आमजन अपने विभिन्न वादों प्रकरणों का कराये निस्तारण**

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय में दिनांक 09 सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा याचिकाओं, पारिवारिक वाद, बैंक वसूली, 138 एन0आई0 एक्ट, विद्युत के मामले, श्रम सम्बन्धी, लेबर सम्बन्धी, जमीन सम्बन्धी, चालानी, स्टाम्प वादों, उपभोक्त फोरम वादों, राजस्व वादों, चकबन्दी वादों, नगर पालिका टैक्स वसूली मामलों, पब्लिक प्रिमिसेज एक्ट सम्बन्धी मामले. उत्तराधिकार सम्बन्धी मामले, आयुध अधिनियम के प्रकरण, बीमा सम्बन्धी वाद, स्थानीय विधियों के अन्तर्गत शमनीय वाद, सेवा/वेतन सम्बन्धी वाद, सेवा निवृत्त परिलाभों से सम्बन्धित प्रकरण, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरणो का निस्तारण तथा अन्य प्रकरण से सम्बन्धित शमनीय वादों का निस्तारण किया जायेंगा। अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि दिनांक 06.09.2023 से 08.09.2023 तक लघु वाद के मामलों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

## जिन्होंने जिला पंचायत सदस्य का घर गिरवाया वह अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे : इंद्रजीत सरोज

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज मंगलवार को पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतेंद्र सरोज के घर जैतपुरपूरे हजारी गांव पहुंचे। वह परिजनों से मिले और कहा कि राजनीतिक लड़ाई में पूर्व जिला पंचायत सदस्य का घर गिराना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। यह ओछी हरकत हैं। आने वाले दिनों में इस कृत्य को अंजाम देने वालों को खामियाजा भुगतना होगा, इसके लिए वह तैयार भी रहें। जितेंद्र सरोज पूर्व जिला पंचायत सदस्य हैं और मौजूदा समय में उनकी पत्नी शायमा सरोज जिला पंचायत सदस्य हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। 19 अगस्त को फ्लोर टेस्ट था। जिस दिन फ्लोर टेस्ट था, उसी दिन जितेंद्र सरोज के घर एसडीएम पुलिस व पीएसी लेकर पहुंचे और सरकारी जमीन पर घर बना होने की जानकारी देते हुए जिला पंचायत सदस्य का घर गिरा दिया गया था। इसका भारी विरोध हुआ था, लेकिन प्रशासन अपनी जिद पर अड़ा रहा। मंगलवार को सपा के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज जीतेंद्र सरोज के घर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। इसके बाद कहा कि जब जीतेंद्र सरोज सरकारी जमीन के बदले अपनी जमीन दे रहे थे,तब कार्रवाई करने का कोई मतलब नहीं था। राजनीतिक विद्वेष में घर गिराया गया, यह गलत है। उन्होंने कहा कि जनपद में तमाम ऐसे आलीशान घर बने हैं, जिनका नक्शा-परमिशन ही नहीं है। कितने मकान प्रशासन गिरा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इसका खामियाजा सत्तासीन लोगों को भुगतना पड़ेगा। वह इसके लिए तैयार भी रहें।

## जनपद स्तरीय तिलहन गोष्ठी कार्यक्रम का सीडीओ ने किया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने डायट मैदान में आयोजित जनपद स्तरीय तिलहन गोष्ठी कार्यक्रम का शुभारम्भ किया मुख्य विकास अधिकारी ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए किसानों से कहा कि गेहूं और धान के अलावा तिलहन की फसल का भी उत्पादन करें तथा जिप्सम का प्रयोग करें, जिससे तिलहन फसल में सल्फर की अच्छी मात्रा हो सकें। उन्होंने ह्लश्रीअन्नह्व मोटा अनाज की महत्ता बताते हुए कहा कि मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है, मोटा अनाज के उपयोग से हम लोग विभिन्न बीमारियों से बच सकतें हैं। उन्हांने कहा कि किसान भाई मोटा अनाज-ज्वार, बाजरा, कोदो एवं सावा आदि का भी उत्पादन करें। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र तिवारी ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को किसानों तक पहुॅचाने के लिए निरन्तर कार्य किया जा रहा है जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार गौतम ने किसानों को विपरीत परिस्थिति में भी अपनी फसल का बचाव करने के उपायों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि किसान अपनी फसल का बीमा अवश्य करायें, जिससे विपरीत परिस्थिति में यदि फसल नष्ट होती है तो उसका लाभ मिल सकें इस अवसर पर उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी मंझनपुर सिराथू तथा जिला कृषि रक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### किड्जी एवं एनडी कॉन्वेंट स्कूल में मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव



**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित किडजी एवं एनडी कॉन्वेंट स्कूल में बुधवार को कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन हुआ जिसमें छोटे-छोटे नौनिहालों का कृष्ण और राधा के रूप में अभिनय बहुत ही आकर्षित और मनोहारी लग रहा था बच्चे चारों तरफ अपनी मुस्कुराहट से अलग छटा बिखेर रहे थे ऐसे लग रहा था कि जैसे स्वयं राधा और भगवान कृष्ण स्कूल के प्रांगण में अटखेलिया कर रहे हैं सभी संस्थाओं के प्रिंसिपल्स ने भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर उनकी पूजा अर्चना वंदन किया और संसार के कल्याण की कामना किया रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी भगवान श्री कृष्ण के जन्म का हिंदू त्यौहार होता है जन्माष्टमी भारत में एक प्रमुख त्योहार है और इसे बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है कहा जाता है कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म भारत के मथुरा में भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को हुआ था और भगवान विष्णु के आठवें अवतार हैं भक्त इस दिन उपवास करते हैं ,भजन गाते हैं, मंदिर सजाते हैं और वास्तविक तौर पर भक्ति से ही शक्ति प्राप्त होती है और शक्ति से ही जनकल्याण जुड़ा हुआ है संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने जन्माष्टमी के इस महान पर्व की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दिया कार्यक्रम के दौरान संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्रा केपीएस भीटी प्रधानाचार्य प्रकाश एवं संस्थान की सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### उपचुनाव में 60 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मतदान



**कौशांबी।** नेवादा ब्लॉक के कोटिया गांव में ग्राम प्रधान के मौत के बाद खाली हुए पद पर निर्वाचन आयोग ने उपचुनाव कराया है 6 सितंबर को ग्राम पंचायत में प्रधान पद पर मतदान कराए गए हैं उपचुनाव में ग्राम प्रधान के पद पर चंद्रपाल प्रजापति राजेश सिंह अर्कवंशी राजेश पाल और सुमन देवी चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े हैं सुबह से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू हुआ देर शाम तक 60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है संवेदनशील गांव होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था का प्रशासन ने इंतजाम किया था मौके पर भारी पीएसी पुलिस फोर्स और सराय अकिल कोतवाल पुलिस बल के साथ तैनात रहे हैं देर शाम सभी प्रत्याशियों का भाग्य मत पत्तियां में बंद हो गया है।

### अवैध शराब कारोबारी से 15 लीटर शराब बरामद , 2 कुंतल लहन कराया नष्ट



**अझुवा कौशांबी।** नगर पंचायत अझुवा क्षेत्र में एक समय शराब कारोबार की तूती बोलती थी यहां की बनने वाली अवैध शराब दूसरे जिलों तक में बेंची जाती थी लेकिन हालात बदले प्रशासन जागा बराबर कार्रवाई होती रही जिसका परिणाम रहा अब यदा कदा शराब कारोबार सुनाई देता है या न के बराबर कारोबार बचा है क्षेत्रीय पुलिस उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार बराबर कार्रवाई करती जा रही है जिससे अवैध शराब कारोबारियों के हौसले पस्त पड़ गए हैं आज बुधवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम सभा कानेमई में एक अवैध शराब कारोबारी शराब का निर्माण कर रहा है चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य ने मय हमराहियों उसके घर में छापा मार दिया जिससे कारोबारी के पास 15लीटर अपमिश्रित शराब बरामद हुई एवम 2 कुंटल अर्धनिर्मित शराब लहन मिला है जिसे पुलिस ने मौके पर ही नष्ट करवा दिया है शराब उपकरणों के साथ युवक बनवारी लाल पुत्र स्व . धनराज निवासी ग्राम सभा कानेमई को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की है।

### प्रेम में धोखा खाए बालक ने किया आत्महत्या



**कौशांबी।** करारी थाना छत्र क्षेत्र के ग्राम पंचायत म्योहर में प्रेम में असफल एक बालक ने बुधवार को घर मे फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है फंदा लगाने के पहले उसने फेसबुक में लाइव वीडियो जारी किया है मामले की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है गांव और रिश्तेदार के लोग मौके पर पहुंच गए हैं बालक के शव को फंदे से नीचे उतरा गया है सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई और बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि बालक किसी बालिका से प्यार करता था लेकिन प्यार में धोखा मिलने के बाद उसने अपने जीवन लीला को समाप्त कर लिया है मृतक बालक का नाम टिंकू पुत्र राम आसरे निवासी म्योहर थाना करारी बताया जाता है।

### भाजपा के मंडल अध्यक्ष को मिली बाइक



**कौशाम्बी।** भाजपा मंडल अध्यक्षों को बाइक देकर सम्मानित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओ के लिए समर्पण वाली पार्टी है जिला पंचायत के रत्नावली सभागार में बुधवार की शाम आयोजित एक कार्यक्रम में बूथ सेक्टर एवं मंडल के कार्यकर्ताओ को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने कार्यकर्ताओ को मिठाई खिलाकर उन्हे अंगवस्त्र भेंट किया। इस दौरान मंझनपुर एवं करारी मंडल के अध्यक्ष को एक बाइक उपहार में दी गई। अध्यक्ष प्रतिनिधि जिंतेंद्र सोनकर ने बताया कि वह जब जिला पंचायत का वार्ड नंबर 14 से चुनाव लड़ रहे थे। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओ ने जी जान से मेहनत कर भाजपा को विजय दिलाई। जिसका परिणाम यह रहा है। मौजूदा अध्यक्ष कल्पना सोनकर वार्ड 14 से सदस्य के रूप मे निर्वाचित हुई। और जिला पंचायत की अध्यक्ष बन गयी उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओ के प्रति समर्पित दल है। जिसमे कार्यकर्ताओ का हमेशा सम्मान किया जाता रहा है। इसी क्रम मे उन्होने आज मंझनपुर मंडल एवं करारी मंडल के बूथ सेक्टर एवं मंडल अध्यक्ष को बैठक कर सम्मानित किया है। मंझनपुर के मंडल अध्यक्ष महेश लोधी एवं करारी के मंडल अध्यक्ष दिलीप अग्रहरी को अंगवस्त्र एवं मोटर साइकिल देकर सम्मानित किया गया है।

### मोबाइल में पिता की फोटो लेकर गांव-गांव पिता को ढूंढ रहा बेटा



**कौशाम्बी।** कड़ा धाम दर्शन करने आया बुजुर्ग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए है दो दिनों से पिता की फोटो मोबाइल में लेकर परिवार के साथ बेटा लोगों से पूछ कर पिता को ढूंढ रहा है कड़ाधाम कोतवाली क्षेत्र के शक्तिपीठ शीतला धाम में सोमवार को लालजी सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह निवासी मांधाता प्रतापगढ़ अपने परिवार के साथ शीतला माता के दर्शन करने को आए थे सोमवार दोपहर दर्शन करने के पश्चात अचानक लालजी कहीं गायब हो गए लालजी के अचानक गायब होने से परिवार में हड़कंप मच गया,परिजनों नें धाम क्षेत्र समेत आसपास के गांव में लालजी की काफी खोजबीन की लेकिन जब लालजी का कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने थक हार कर कड़ा धाम कोतवाली में तहरीर दी.तहरीर लेकर पुलिस तो अपने काम में जुड़ गई लेकिन इधर लाल जी का पुत्र देवेंद्र सिंह अपने परिवार के लोगों के साथ कड़ा धाम क्षेत्र के सभी गांव में जा जाकर मोबाइल में अपने पिता की फोटो दिखाकर लोगों से उनके मिलने पर सूचना देने की अपील कर रहा है.बुधवार को देवेंद्र सिंह अपनी मौसी के लड़के शिवा सिंह के साथ कड़ा धाम कोतवाली के शरीफाबाद देवीगंज दारानगर आदि दर्जनों गांव में घूम कर मोबाइल पर अपने पिता की फोटो दिखाकर लोगों से उनके मिलने की जानकारी होने पर उन्हें सूचना देने की अपील और निवेदन करता फिर रहा है।

## संपादक की कलम से

# क्यों पी.ओ.के. के लोग कारगिल के दरवाजे खोलने की मांग कर रहे है ?

**कंगाल** पाकिस्तान से अपना देश नहीं संभल रहा है। जहां दक्षिण पश्चिम पाकिस्तान के बलूचिस्तान और सिंध प्रांत में पाकिस्तान विरोधी गतिविधियां बढ़ गई हैं। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले पी.ओ.के. में पाकिस्तान की हुकूमत और पाक आर्मी के खिलाफ बगावत तेज हो गई है। पाकिस्तान की सेना के जुल्म से परेशान गिलगित बालतिस्तान के अल्पसंख्यक शिया मुस्लिमों में आक्रोश है। ये आक्रोश लगातार तेज होता जा रहा है। यही कारण है कि इन दिनों पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्तिस्तान में इन दिनों घमासान मचा है। कट्?टरपंथी सुन्नी संगठनों और पाकिस्तानी सेना के दमन के खिलाफ अल्पसंख्यक शियाओं ने विद्रोह कर दिया है। पहली बार इस क्षेत्र के शिया संगठन फौज के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। अल्पसंख्यक शियाओं के तेवर इतने तीखे हैं कि पाकिस्तान की आर्मी भी घबरा गई है। भारत से करीब 90 किलोमीटर दूर स्कर्दू में शिया समुदाय के लोग भारत की ओर जाने वाले कारगिल हाइवे को खोलने की मांग पर अड़ गए हैं। उनका कहना है कि वे अब पाकिस्तानी फौज की हुकूमत वाले गिलगित-बाल्तिस्तान में नहीं रहना चाहते हैं, वे भारत जाना चाहते हैं। गिलगित-बाल्टिस्तान की आबादी करीब 20 लाख है। इनमें से 8 लाख के करीब शिया समुदाय के लोग हैं। इन शियाओं के बगावती तेवर देखकर पाकिस्तानी आर्मी घबरा गई है। बगावती तेवरों को देखते हुए पाकिस्तान आर्मी ने अपने 20 हजार अतिरिक्त जवानों को तैनात किया है। बताया जाता है कि पाकिस्तान का गिलगित-बल्तिस्तान लगातार उबाल मार रहा है। विरोध प्रदर्शन के नाम पर हजारों लोग सड़कों पर हैं। फिजा में चलो, चलो कारगिल चलो के नारे बुलंद हैं। विरोध के नाम पर जिस तरह लोग उग्र हैं, किसी भी क्षण वहां स्थिति गंभीर हो सकती है। सवाल होगा कि आखिर पाकिस्तान जैसे मुल्क के एक हिस्से में ऐसा क्या हुआ, जो वहां के लोग भारत में विलय होने की बात कह रहे हैं। जवाब है एक शिया धर्मगुरु की गिरफ़्तारी और वो सजा जो उसे पाकिस्तान के प्रचलित ईशनिंदा कानूनों के तहत हुई है। गिलगित के स्थानीय लोग शिया मौलवी की गिरफ्तारी से बेहद नाराज हैं जिसके मद्देनजर स्थानीय नेताओं ने पाकिस्तानी प्रशासन को गृहयुद्ध की चेतावनी दी है। वहीं कुछ लोग तो ऐसे भी हैं जिन्होंने खुलकर भारत में विलय की मांग करनी शुरू कर दी है। ध्यान रहे, शिया समुदाय से ताल्लुक रखने वाले मौलवी आगा बाकिर अल-हुसैनी पर एक धार्मिक सभा में उनकी टिप्पणियों को लेकर मामला दर्ज किया गया था। बाद में मौलवी को हिरासत में लिया गया जिसके बाद स्कर्दू के शिया समुदाय के लोग सड़कों पर आए और विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ और नौबत हाई-वे जाम तक की आ गयी है। अभी हालिया दिनों में पाकिस्तान की संसद में ईशनिंदा को लेकर एक बिल पास हुआ था। इस बिल के आने के बाद ही शिया मौलाना आगा बाकिर अल-हुसैनी पर एक एफआईआर होती है और कहा जाता है कि उन्होंने ईशनिंदा की है। इसके बाद गिलगित के पास स्थित जलास और द्यामर जो कि एक सुन्नी बाहुल्य क्षेत्र है वहां लोग शिया मौलव के विरोध में सड़कों पर आते हैं।

वहीं पाकिस्तान के अपर कोहिस्तान के सुन्नी बहुल हिस्से में एक धरना प्रदर्शन होता है और मांग की जाती है कि शिया मौलाना आगा बाकिर अल-हुसैनी को फौरन ही गिरफ्तार किया जाए और उन्हें सख्त से सख्त सजा मिले। तब लोगों का ये भी कहना था कि यदि मौलाना गिरफ्तार नहीं होते हैं तो उग्र प्रदर्शन करते हुए सड़कों को बंद कर यातायात को बाधित किया जाएगा। सुन्नी समुदाय की ये मांग शिया समुदाय को नागवार गुजरी और उन्होंने मौलाना की गिरफ्तारी के विरोध में स्कर्दू और आस पास के इलाकों में विरोध प्रदर्शन की शुरूआत की और मुख्य हाई वे जाम कर दिया। बताया जा रहा है कि पूरे गिलगित-बल्तिस्तान के हालात बहुत जटिल हैं और ये विरोध प्रदर्शन किसी भी वक़्त एक बड़ी हिंसा का रूप ले सकता है।

# भारत के उच्च व्यापार घाटे के पीछे डंप चीनी निर्यात

नन्तु बनर्जी




**नवंबर** 2019 में चीन के नेतृत्व वाले 15 देशों के व्यापार ब्लॉक, क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) से भारत के बाहर निकलने के बावजूद, ऐसा माना जाता है कि यह स्वदेशी जागरण मंच के आदेश पर किया गया है, जो अखिल भारतीय दक्षिणपंथी आरएसएस की रक्षा और रक्षा करने वाली शाखा है और मानता है कि सरकार भारतीय व्यापार और उद्योग का विकास करे। यह समझना मुश्किल है कि भारत लगातार चीन का शिकार क्यों हो रहा है, अगर वह पूरी तरह से जानता है कि चीन निर्यात में भारी डंपिंग कर रहा है और वह अक्सर 'कच्चे माल की लागत से कम पर माल की आपूर्ति कैसे करता है?' यह सवाल भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के हाल ही में दिल्ली में जी-20 देशों के व्यापार मंत्रियों के साथ एक पैनल चर्चा में मॉडरेटर के रूप में नाराजगी के संदर्भ में प्रासंगिक है, जहां उन्होंने चीनी उप मंत्री (वाणिज्य) वांगशौवेन से खुले तौर पर पूछाः 'आप सामान की आपूर्ति कैसे कर सकते हैं,कच्चे माल की लागत से भी कम पर?' गोयल को यह बताना चाहिए कि भारत पिछले नौ वर्षों में चीन से इतनी भारी मात्रा में आयात करने के लिए क्यों मजबूर है, यह जानते हुए भी कि चीन माल डंप कर रहा है? चीन से डंप किये गये आयात भारत के समान वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों को कैसे प्रभावित कर रहे हैं? 2014 में जब भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार सत्ता में आई, तो चीन से भारत का आयात लगभग 58 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था। पिछले साल, यूएन कॉम ट्रेड डेटा बेस के अनुसार, चीन से भारत का व्यापारिक आयात बढ़कर $102.25 बिलियन हो गया। जबकि गोयल ने बताया कि, चीन के साथ उच्च व्यापार घाटे के डर से भारत आरसीईपी में शामिल क्यों नहीं हुआ, चीनी उप मंत्री (वाणिज्य) वांग शौवेन ने कहा, 'इसके विपरीत, आरसीईपी कार्यक्रम से बाहर निकलने के भारत के फैसले के बावजूद भारत-चीन व्यापार लगातार बढ़ रहा है।' चिंता थोड़ी अलग है, द्विपक्षीय व्यापार चीन के पक्ष में झुका हुआ है। उद्योग जगत का मानना है कि अगर हम आरसीईपी में शामिल होते तो व्यापार जरूर बढ़ता, लेकिन व्यापार घाटा और बढ़ जाता,' गोयल ने कहा। भारतीय वाणिज्य मंत्री ने आगे कहा कि चीन को भारत सहित दुनिया के कई हिस्सों से अधिकतम एंटी-डंपिंग और एंटी-सब्सिडी प्रश्नों का प्राप्तकर्ता होने के कारण, आयातकों को आश्चर्य होता है कि चीन अपने निर्यात की कीमत कैसे तय करता है। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसी बात है कि मुझे लगता है कि सभी मंत्री यह जानना चाहेंगे कि आप कच्चे माल की लागत से कम पर सामान की आपूर्ति कैसे कर सकते हैं।' हालांकि, चीनी मंत्री लापरवाह थे। वांग ने व्यावहारिक रूप से गोयल को फटकार लगाई और चीनी निर्यात डंपिंग के बारे में भारतीय वाणिज्य मंत्री की टिप्पणियों पर बहुत कम ध्यान दिया क्योंकि उन्होंने कहा कि आरसीईपी से बाहर रहने के भारत के फैसले के बावजूद, दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं।

'पिछले साल, द्विपक्षीय व्यापार 130 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। यदि द्विपक्षीय या आरसीईपी संदर्भ में कोई एफटीए होता है, तो व्यापार क्षमता का हमारे दोनों देशों के लाभ के लिए और अधिक दोहन किया जायेगा। आरसीईपी में शामिल होने का निर्णय आपका है, लेकिन भारत के लिए आरसीईपी के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे, 'वांग शौवेन ने जवाब दिया।

वांग के बयान से यह आभास होता है कि भारत के पास चीन से अधिक से अधिक आयात करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यहां तक कि दोनों देशों के बीच बढ़ती कूटनीतिक कड़वाहट और लद्दाख क्षेत्र से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक भारत की भूमि सीमाओं पर चीन की लगातार सैन्य ताकत चीन के साथ भारत के बेहद बढ़ते घाटे वाले व्यापार को प्रभावित करने में विफल रही है। क्या गोयल के पास वांग की टिप्पणियों का कोई विशिष्ट उत्तर है? भारत चीन से इतना अधिक आयात क्यों करता है? भले ही भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दावा करता है, देश तेजी से आयात पर निर्भर होता जा रहा है और व्यापार घाटा लगभग हर साल बढ़ रहा है। पिछली बार भारत में व्यापार का अनुकूल संतुलन 1976-77 में देखा गया था - जिसे 'आपातकालीन' वर्ष के रूप में जाना जाता है - 86 करोड़ रुपये तक, जब एक अमेरिकी डॉलर का मूल्य केवल 8.5 रुपये के आसपास था। भारत ने पहली बार 1972-73 में अनुकूल व्यापार संतुलन दिखाया था। यह रकम 104 करोड़ रुपये थी और तब विनिमय दर एक अमेरिकी डॉलर के लिए 7.5 रुपये थी। ये दो वित्तीय वर्ष स्वतंत्र भारत के इतिहास में एकमात्र ऐसे कालखंड हैं, जिनमें देश का व्यापार संतुलन अनुकूल रहा। वर्तमान में, भारत का व्यापार अधिशेष केवल अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, यूनाईटेड किंगडम और वियतनाम जैसे कुछ देशों के साथ है। 2022-23 में भारत का कुल निर्यात (माल और सेवाएं संयुक्त) साल-दर-साल 13.84 प्रतिशत बढ़कर 770.18 बिलियन डॉलर हो गया। पिछले वित्त वर्ष के दौरान कुल आयात 17.38 प्रतिशत की तेज गति से बढ़कर 892.18 अरब डॉलर हो गया। भारत का कुल व्यापार घाटा 2022-23 में बढ़कर 122 बिलियन डॉलर हो गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष में 83.53 बिलियन डॉलर था। जब विशेष रूप से व्यापारिक निर्यात की बात आती है, तो भारत की वैश्विक रैंक केवल 447.46 बिलियन डॉलर के निर्यात के साथ 19वीं थी। 2022 में, चीन ने दुनिया भर में 3.59 ट्रिलियन डॉलर का सामान निर्यात किया, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। भारत की आयात-आधारित आर्थिक वृद्धि के विपरीत, निर्यात ने चीन की अर्थव्यवस्था को अमेरिका के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रेरित किया। 1995 से चीन लगातार व्यापार अधिशेष की बुकिंग कर रहा है। 2022 में, व्यापार अधिशेष 31 प्रतिशत बढ़कर 876 बिलियन डॉलर हो गया - जो कि 1950 में चीन द्वारा रिकॉर्ड बनाये रखना शुरू करने के बाद से सबसे अधिक है-फिर निर्यात सात प्रतिशत बढ़ा और आयात केवल एक प्रतिशत बढ़ा।

चीन के व्यापार अधिशेष, पिछले साल, अकेले भारत के कारण $101.02 बिलियन था, जो 2021 में $69.38 बिलियन के स्तर से बढ़ रहा है। नवंबर 2019 में चीन के नेतृत्व वाले 15 देशों के व्यापार ब्लॉक, क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) से भारत के बाहर निकलने के बावजूद, ऐसा माना जाता है कि यह स्वदेशी जागरण मंच के आदेश पर किया गया है, जो अखिल भारतीय दक्षिणपंथी आरएसएस की रक्षा और रक्षा करने वाली शाखा है और मानता है कि सरकार भारतीय व्यापार और उद्योग का विकास करे। अब समय आ गया है कि गोयल और उनकी चुनावी सरकार कूटनीतिक रूप से आक्रामक चीन से आयात को नियंत्रित करने और 'डंपिंग' मुद्दे से निपटने के बारे में एक मजबूत निर्णय ले। भारत चीन से जो कुछ भी आयात करता है वह दुनिया के अन्य हिस्सों में उपलब्ध नहीं है। वर्तमान सरकार मई 2014 से सत्ता में है। संतुलित आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने वाली आयात-निर्यात नीति बनाने और उसे लागू करने में काफी समय लग गया है। चीन के साथ तनावपूर्ण राजनयिक संबंध रखने वाले अधिकांश देश चीन से आयात में कटौती कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिकी जनगणना ब्यूरो के अनुसार, 2023 के पहले पांच महीनों के दौरान, चीन से अमेरिकी आयात एक साल पहले की समान अवधि से 24 प्रतिशत कम था।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि देश की कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए अपनी आपूर्ति लाइनों का स्थान बदल रही हैं, या तो प्रतिद्वंद्वी महाशक्तियों के बीच दबने के जोखिम से बचने के लिए या ग्राहकों के करीब सामान का उत्पादन करने की दीर्घकालिक रणनीति के हिस्से के रूप में। भारत को चीन से आयात में भारी

# वन नेशन, वन इलेक्शनः क्या फायदे और क्या नुकसान ?

सुनील कुमार महला

**हाल** ही में केंद्र सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम वर्ष में जब कुछ राज्यों के चुनाव व आम चुनाव को लेकर बहुत ही कम समय बचा हुआ है, 'एक देश, एक चुनाव' के विचार को लेकर देश में एक नई बहस को जन्म दिया है। वास्तव में, इस विचार के पीछे आखिर तार्किकता अथवा लाजिक क्या है ? प्रश्न यह भी उठता है कि क्या देश में एक ही समय में चुनाव कराये जाने चाहिए अथवा अलग अलग चुनाव कराने चाहिए ? इनके फायदे क्या हैं और नुकसान क्या हैं ?, इस पर हमें यहां गहन मंथन करने की जरूरत है। प्रश्न यह भी है कि क्या वन नेशन, वन इलेक्शन को अमलीजामा पहनाया जा सकता है अथवा नहीं? यहां यह भी प्रश्न उठता है कि क्या विपक्षी दलों की इस कंसेप्ट(वन नेशन वन इलेक्शन) पर सहमति मिल सकेगी ? क्या केंद्र सरकार वैधानिक व संवैधानिक जरूरतों को पूरा कर पायेगी ? बहरहाल, विपक्षी दल सरकार के इस कदम को ठीक नहीं मान रहें हैं और उनका यह मानना है कि यह उनके राजनीतिक हितों के सर्वथा खिलाफ है। सच तो यह है कि विपक्षी दल सरकार के इस कंसेप्ट यानी कि वन नेशन वन इलेक्शन को मानने को तैयार नजर नहीं आतें हैं। हालांकि केंद्र सरकार ने इस संबंध में पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में आठ सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी का गठन भी कर दिया है। यह कमेटी वन नेशन वन इलेक्शन के फायदों और नुकसानों का संपूर्ण अध्ययन करने के बाद अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। बताया जा रहा है कि यह समिति यह भी सिफारिश करेगी कि क्या संविधान में संशोधन के लिए राज्यों के अनुमोदन की आवश्यकता होगी अथवा नहीं होगी। सरकार ने इस संबंध में 18 सितंबर 2023 से संसद के दोनों सदनों का एक विशेष सत्र बुलाने की घोषणा भी की है, और मीडिया के हवाले से यह खबरें लगातार आ रहीं हैं कि इस विशेष सत्र में वन नेशन वन इलेक्शन से संबंधित विधेयक लाया जा सकता है। पाठकों को यहां जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 1951 से लेकर 1967 तक देश में लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ होते थे, लेकिन वर्ष 1967 के बाद स्थिति बदल गई। देश की क्षेत्रीय पार्टियों का मानना है कि लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से राष्ट्रीय मुद्दे हावी हो जाते हैं तथा क्षेत्रीय मुद्दे गौण हो जाते हैं। इसका लाभ राष्ट्रीय पार्टियों को ज्यादा मिलेगा। क्षेत्रीय पार्टियों का यह भी मानना है कि वन नेशन, वन इलेक्शन होने से उनकी राजनीति की सेहत पर बहुत ही विपरीत व गलत प्रभाव पड़ेगा। एक साथ चुनाव कराने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा तथा संविधान में संशोधन करने की जरूरत भी होगी। कई विधानसभाओं के कार्यकाल को बढ़ाना पड़ेगा तथा कई विधानसभाओं का कार्यकाल घटाना पड़ेगा। वैसे कुछ विषय विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि

वन नेशन, वन इलेक्शन लोकतंत्र के लिए एक बहुत ही सराहनीय कदम इसलिए कहा जा सकता है क्यों कि इससे चुनावों पर होने वाले खर्च में अभूतपूर्व कमी आएगी। इससे पूरे देश में प्रशासनिक व्यवस्था में दक्षता बढ़ेगी और देश के विभिन्न संसाधनों की बचत हो सकेगी।

इसके साथ ही विकास की गति भी धीमी नहीं पड़ेगी। इतना ही नहीं, इससे केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों और कार्यक्रमों में निरंतरता सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी। लेकिन वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों का यह भी मानना है कि इसमें(वन नेशन, वन इलेक्शन ) बहुत सी चुनौतियां भी हैं। जैसे इसके लिए राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को लोकसभा के साथ जोड़ने के लिए, जैसा कि ऊपर भी जानकारी दे चुका हूं कि विभिन्न संवैधानिक संशोधनों की आवश्यकता होगी?। दूसरे शब्दों में कहें तो विभिन्न संसदीय प्रक्रियाओं में भी संशोधन को जामा पहनाना होगा। कुछ लोग इस मत के हैं कि एक साथ चुनाव कराने का यह घाटा होगा कि क्षेत्रीय दल भी स्थानीय मुद्दों को मजबूती से नहीं उठा पायेंगे। क्षेत्रीय दल चुनाव खर्च और चुनाव रणनीति के मामले में राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में भी असमर्थ होंगे। इतना ही नहीं देश के संघवाद के लिए एक साथ चुनावों से उत्पन्न चुनौतियों की भी आशंका है।

# भारतीय अस्मिता और हिन्दू राष्ट्र

अरुण कुमार डनायक

**भारतीय** मानसिकता जिसका मूलाधार वेदान्त में निहित है, राज धर्म की बात करता है। वह शासक से अपेक्षा करता है कि धर्म, जाति, विचारों के आधार पर प्रजा के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिये। भारत के संविधान निमार्ताओं में बहुसंख्यक सदस्य वेद-पुराण में वर्णित राजनीतिक सिद्धांतों व नीति उपदेशों से प्रेरित थे।

वे महात्मा गांधी के अनुयायी नहीं, तो प्रशंसक अवश्य थे। क्या भारत कभी हिन्दू राष्ट्र बन सकता है? क्या 'हिन्दी, हिन्दू, हिन्दुस्तान' का नारा कभी धरातल पर उतर सकता है? ये यक्ष प्रश्न हैं। इनका उत्तर 1947 के बहुत पहले, शायद सौ वर्षों से खोजा जा रहा है, लेकिन अभी तक जवाब नहीं मिला है। इस परिकल्पना में जीते अनेक हिंदूवादी संगठन अपना अस्तित्व अतीत को भेंट कर चुके हैं, जनता ने उन्हें कई बार सिरे से नकार दिया है, लेकिन एक संगठन जिसे हम फासिस्टवादी हिटलर और मुसोलिनी से प्रेरित बताते हैं, जिसका विस्तार आजादी की पूर्व संध्या तक केवल महाराष्ट्र के कतिपय ब्राह्मणों तक सीमित था और बंटवारे के समय वह कुछ सिंधी और पंजाबी शरणार्थियों पर असर डालने में सफल हुआ, आज भारत का सबसे प्रभावशाली संगठन बन गया है।

उपरोक्त नारे इसी संगठन की दिमागी उपज हैं और एक मोटे अनुमान से कहा जा सकता है कि देश की पच्चीस से तीस प्रतिशत आबादी का विश्वास इन नारों में है। भारत की इस आबादी के मनो-मस्तिष्क में यह बात भर दी गई है कि हिंदुत्व और भारतीयता एक-दूसरे के पर्याय हैं। हिन्दू शब्द का अस्तित्व वैदिक या पौराणिक नहीं है। इसकी उत्पत्ति ही पश्चिमी आक्रान्ताओं के, सिन्धु नदी को इंडस और इस भूभाग को इंडिया कहने से हुई। यही इंडस और इंडिया आगे चलकर हिन्दू और हिन्दुस्तान हो गए। इस आधार पर अगर विदेशी विद्वान यहां के सभी निवासियों को हिन्दू मानते हैं तो भला क्या आपत्ति हो सकती है, लेकिन आपत्ति तो उन लोगों को सबसे ज्यादा है जो 'हिन्दी, हिन्दू, हिन्दुस्तान' का नारा देते हैं। उनकी निगाह में हमारी धार्मिक मान्यताओं से परहेज रखने वाले अहिंदू हैं। ये अहिंदू उनके साथ बैठ तो सकते हैं, लेकिन उनका स्थान बराबरी का नहीं होगा। जब तक यह समानता स्वीकार नहीं की जायेगी, अहिंदू स्वयं को भारतीय कहलाने में तो गर्व महसूस करेंगे, लेकिन हिन्दू कहलाना कतई पसंद नहीं करेंगे।

फिर भारत तो ऐसा देश है जहां धर्म, आध्यात्म, संस्कृति और सामाजिक विचारों की अनेक धाराएं आकर समाहित हो गईं हैं। हमारे देश में ऐसे लाखों- करोड़ों लोग हैं जो किसी धर्म को नहीं मानते। उस वैदिक संस्कृति, आर्य सभ्यता पर भी उनका विश्वास नहीं है जिसे हिन्दुत्ववादी संगठन राष्ट्रीय स्वाभिमान से जोड़कर देखते हैं। इसलिए हमारी राष्ट्रीय पहचान हिंदुत्व व हिन्दू की जगह भारतीय रहनी चाहिए। भाषा को भी संस्कृत, उर्दू, हिन्दी के पचड़े से दूर रखना चाहिए। हमारे पूर्वज भले चाहे किसी भी भाषा को सम्प्रेषण का माध्यम मानते रहे हों, लेकिन यदि हम जिस भाषा को पढ़-लिख नहीं सकते वह हमारी मातृभाषा नहीं हैं।

# मराठा आरक्षण का मुद्दा सुलगा

**महाराष्ट्र** में मराठा आरक्षण के मुद्दे ने जिस तरह तूल पकड़ लिया है, उससे एक बार फिर भाजपा सरकार की अक्षमता साबित हुई है। गौरतलब है कि इस महीने की शुरूआत में यानी 1 सितंबर को जालना के अंबाद तहसील के अंतरवाली सारथी गांव में मराठा आरक्षण की मांग पर हिंसा भड़क गई थी। आरोप है कि आरक्षण की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए और कथित तौर पर उन पर पथराव किया। पुलिस ने बाद में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस का इस्तेमाल किया, जिसमें लगभग 20 प्रदर्शनकारी और 37 पुलिसकर्मी घायल हो गए। 15 से अधिक राज्य परिवहन बसों को आग लगा दी गई। पुलिस ने कहा कि हिंसा के सिलसिले में 360 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। भाजपा सरकार ने शायद इस बात की उम्मीद की थी कि बल प्रयोग के बाद मामला शांत हो जाएगा, लेकिन हुआ इसका उल्टा। अब मामला इतना बढ़ गया है कि गठबंधन सरकार के घटक दलों यानी भाजपा, शिवसेना, और एनसीपी अलग-अलग राह पर चल रहे हैं। और इनके अलावा मनसे के राज ठाकरे जैसे कुछ और किरदार इस मामले में अहम भूमिका में आने की कोशिश में दिख रहे हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए तो यह चुनौती है ही, साथ ही यह भाजपा नेतृत्व के लिए भी गंभीर संकट है, क्योंकि भाजपा शासित राज्यों में एक के बाद एक हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। मणिपुर के हालात अब तक संभले नहीं हैं। हरियाणा में नूंह की हिंसा के बाद माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है और सांप्रदायिक वैमनस्य की जो लकीर खींच दी गई है, वो न जाने कब मिटेगी। उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, असम जैसे राज्यों से वंचित समुदायों पर अत्याचार की खबरें जब-तब आती रहती हैं। कहा जा सकता है कि जिस डबल इंजन सरकार का दंभ प्रधानमंत्री मोदी कई मंचों से भरते आए हैं, उसमें खोखलेपन के सिवा कुछ नहीं है, क्योंकि लोकतंत्र में जनता द्वारा निर्वाचित सरकार की जवाबदेही जनता के प्रति हो, तो काम अच्छे से चलता है। लेकिन जब डबल इंजन कहकर उस पर पार्टी विशेष का ठप्पा लगाया जाता है, तो फिर हालात इसी तरह बेकाबू होते हैं, जैसे मणिपुर में हो चुके हैं और अब महाराष्ट्र में हो रहे हैं।

मराठा आरक्षण की मांग महाराष्ट्र मंडल आयोग के बाद से ही उठनी शुरू हुई है। महाराष्ट्र की राजनीति में मराठा समुदाय का दबदबा रहा है, लेकिन मराठा शिक्षा और सरकारी नौकरी में भी अपने लिए आरक्षण की मांग करते रहे हैं। 2012 में मराठा आरक्षण की मांग ने तूल पकड़ा, तब राज्य में कांग्रेस-एनसीपी की सरकार थी और अगले चुनाव में उसे जीतना मुश्किल लग रहा था। पृथ्वीराज चव्हाण सरकार ने कांग्रेस नेता और मंत्री नारायण राणे की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई। कमेटी के सुझाव के आधार पर मराठा समाज को सरकारी नौकरियों में और शिक्षा संस्थाओं में 16 प्रतिशत आरक्षण मंजूर कर अध्यादेश भी जारी कर दिया। इसी कमेटी की सिफारिश पर मुसलमानों को भी 5 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की गई। लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस एनसीपी अपनी सरकार नहीं बचा पाई। 2014 में राज्य में भाजपा-शिवसेना की सरकार बनी और देवेंद्र फड़णवीस मुख्यमंत्री बने। 2018 में फिर मराठा आरक्षण के लिए बड़ा आंदोलन हुआ था. इसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने विधानसभा में विधेयक पारित किया और राज्य की सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थाओं में मराठाओं को 16 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। इस के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने आरक्षण रद्द नहीं किया था। हालांकि, इसे घटाकर शिक्षण संस्थानों में 12 प्रतिशत और सरकारी नौकरियों में 13 प्रतिशत कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा था कि अपवाद के तौर पर 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा पार की जा सकती है। इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी और 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने मराठा आरक्षण के फैसले को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। अब एक बार फिर मराठा समुदाय आरक्षण की मांग को लेकर सड़कों पर उतरा।

लेकिन इस बार घटनाओं ने अप्रिय मोड़ ले लिया है। प्रदर्शनकारियों पर पुलिस का लाठीचार्ज गठबंधन वाली भाजपा सरकार पर भारी पड़ता दिख रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि सरकार को हड़बड़ी में एक प्रेस कांफ्रेंस बुलाकर अपनी सफाई पेश करनी पड़ी। भाजपा खुद को आरक्षण की राजनीति के पीड़ित के तौर पर पेश करती दिख रही है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जालना में जो घटना हुई वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण थी। कोई भी इस तरह की हिंसात्मक कार्रवाई का समर्थन नहीं कर सकता। हमने पहले कभी बल प्रयोग नहीं किया था। न ही अब करने का इरादा है। श्री फड़णवीस हिंसात्मक कार्रवाई को गलत बता रहे हैं, लेकिन पहले उन्होंने ही कहा था कि गांववालों ने लाठी चार्ज किया तो पुलिस को बलप्रयोग करना पड़ा। राज्य के उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस घटना का राजनीतिकरण किया गया। एक नैरेटिव सेट किया गया कि लाठीचार्ज का आदेश गृह मंत्री विभाग और मंत्रालय से दिया गया था।

# जिला जज के पेशकार के घर हुई दिनदहाडे चोरी

## बोलेरो से आए चोर नगदी समेत लाखों का सामान लेकर फरार

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। एसडीएम कॉलोनी जिला जज आवास में रहने वाले जिलाजज के पेशकार राधेश्याम यादव के घर से चोर दिनदहाड़े लाखों की सम्पत्ति चुरा ले गये। लाखों का माल चोर बोलेरो में भरकर फरार हो गए। कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी ने मौके का मुआयना कर चोरी के जल्द खुलासे का दावा किया है।



चोरी की ये घटना बुधवार को दोपहर में जिला मुख्यालय के एसडीएम कालोनी में हुई। बताया गया कि अपर जिला जज प्रथम के पेशकार राधेश्याम यादव जानकीकुंड अस्पताल अपनी शिक्षिका/कवियत्री पत्नी शशि यादव को लेकर आपरेशन कराने गये थे। उनका बालक स्कूल गया था। बालक स्कूल से लौटा तो देखा कि घर का सभी सामान तितर-बितर पडा है। चोर मुख्य गेट से चहारदीवारी कूदकर घर का दरवाजा काटकर अन्दर घुसे थे। वहां लाकर की चाभियां बेड के नीचे रखी थीं। चोर सभी लाकर व अलमारी के ताले चाभियों से ही खोलकर सारा जेवर तकरीबन बीस लाख रुपये और 15 हजार रुपये नकद लेकर मुख्य दरवाजे से निकलकर बोलेरो में बैठकर फरार हो गये। घटना की सूचना पेशकार राधेश्याम यादव को पडोसी पंकज श्रीवास्तव ने फोन से दी तो उनके होश उड गये। अस्पताल से बिना आपरेशन कराये पत्नी को लेकर घर आये तो भौचक्के रह गये। जैसे ही घटना की जानकारी लोगों को मिली तो तमाम न्यायिक स्टाफ व अधिकारी तथा अधिवक्ता घर पहुंच गये।

ये चोरी इतनी दुस्साहस पूर्ण थी कि पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों ने सवाल उठाये। सूचना मिलते ही सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय व शहर कोतवाल गुलाब त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर पडताल शुरू कर दी। सीओ सिटी ने कहा कि चोरों का जल्द खुलासा किया जायेगा।

## प्राचीन बांके बिहारी मंदिर में रहेगी जन्माष्टमी की धूम

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। कामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार के पास स्थित बांके बिहारी मंदिर में गुरूवार को धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जायेगी। आयोजन की तैयारियां तेजी से जारी हैं। कृष्ण जन्म को मंदिर को फूलों से सजाकर बांके बिहारी का अद्भुत श्रृंगार किया है।



बुधवार को मंदिर के पुजारी भारतेन्दु दुबे ने बताया कि लगभग ढाई सौ वर्ष प्राचीन बांके बिहारी मंदिर में ही सूरदास जी को दर्शन देने को भगवान प्रगट हुए थे। आज भी बिहारी जी धर्मनगरी में भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। प्रतिवर्ष मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल भी मंदिर में जन्माष्टमी को लेकर खास इंतजाम हुए हैं। बुधवार को मंदिर की भव्य सजावट की गई है। भगवान का श्रृंगार कर गुरूवार को जन्माष्टमी पर्व पर शाम से ही धार्मिक आयोजन भजन, संकीर्तन के दौर शुरू होंगे। रात्रि में ठीक 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। महाआरती होगी और प्रसाद बांटा जायेगा। बड़ी तादाद में भक्तों का हर साल मंदिर में जमावड़ा लगता है। पुजारी दुबे ने भक्तों से बांके बिहारी मंदिर में आकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## राजापुर पुलिस ने चोरी के मोबाइल समेत चोर दबोचा

अखंड भारत संदेश
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार की टीम ने एक चोर को चोरी के मोबाइल फोन समेत गिरफ्तार किया है।

ज्ञात है कि चार सितम्बर को पंकज पुत्र रामसनेही निवासी चिल्लीराकस ने थाने में सूचना दी कि उनके घर से अज्ञात चोर ने दो मोबाइल फोन चोरी कर लिए है। सूचना पर थाने में अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज हुआ। प्रभारी निरीक्षक ने घटना के खुलासे को दरोगा अनिल कुमार को लगाया। दरोग की टीम ने पांच सितम्बर को विवेचना में प्रकाश में आये रामसिंह यादव पुत्र रामनरेश निवासी खजुरिहा कला थाना रैपुरा को चोरी के रेडमी मोबाइल फोन समेत गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर चोर के खिलाफ धारा बढाई गई। टीम में दरोगा अनिल कुमार, सिपाही मनोज कुमार शामिल रहे।

## विवेचकों को दिया इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों का प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश
**चित्रकूट।** प्रभाकर चैधरी सेनानायक 32वीं वाहनी पीएसी लखनऊ में विवेचकों को विवेचना में इलेक्ट्रोनिक साक्ष्यों के उपयोग बाबत ऑनलाइन रिफ्रेशर प्रशिक्षण राघव प्रेक्षागार एवं प्रशिक्षण इकाई पुलिस कार्यालय में दी।

बुधवार को प्रभाकर चैधरी ने विवेचकों को इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के उपयोग बाबत बारीकी से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी कार्यालय एसपी सोनकर समेत प्रशिक्षण में नामित जिले के 31 विवेचकों ने हिस्सा लिया।

## रेलवे स्टेशन का होगा सुन्दरीकरण: पंकज अग्रवाल



अखंड भारत संदेश
**चित्रकूट।** उत्तर मध्य रेलवे मंडल झांसी के साथ हुई वार्ता में जिला कोआपरेटिव बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल के उठाये सभी मुद्दों को मंजूर किया।

बुधवार को उत्तर मध्य रेलवे मंडल झांसी के साथ जिला कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल के साथ बैठक हुई। बैठक में पंकज अग्रवाल ने कर्वी रेलवे स्टेशन के नव निर्माण अमृत स्टेशन योजना के रुप में करने व अतर्रा रेलवे स्टेशन का भी निर्माण उसी तर्ज पर फेज 2 में करने को कहा। कर्वी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो का विस्तार करने के साथ यात्रियों की सुविधा के लिए अब टिकट स्टेशन के बाहर खासतौर पर चित्रकूट में मिलने की व्यवस्था की जायेगी।

पंकज अग्रवाल ने रेलवे स्टेशन के स्वच्छता एवं सुंदरीकरण पर भी फोकस किया। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन का उच्चीकरण किया जाये। उनकी बातों को शत-प्रतिशत रेलवे मंडल झांसी ने मंजूर किया।

## खनिज अधिकारी का हमलावर दबोचा

अखंड भारत संदेश
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा अजहर जमाल की टीम ने खनिज अधिकारी के साथ मारपीट के आरोपी को दबोचा है।



ज्ञात है कि खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह के साथ एक सितम्बर की रात डम्फर के कागजात चेक करने की बाबत दबंगों ने मारपीट की थी। इस मामले का मुकदमा भरतकूप थाने में विभिन्न धाराओं में दर्ज हुआ था। बुधवार विवेचना से प्रकाश में आये अमित मिश्रा पुत्र रमाशंकर उर्फ छोटा मुन्ना निवासी कोबरा थाना रैपुरा को गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि एक सितम्बर की रात खनिज अधिकारी खनिज लदे वाहनों की जाचं कर रहे थे। एक ट्रक बिना नम्बर/बिना कागजात/बिना रवन्ने के पकड़ा गया था। इससे क्षुब्ध ट्रक ड्राइवर एवं ट्रक मालिक व एक स्विफ्ट डिजायर सवार तीन अज्ञात लोगों ने खनिज अधिकारी के साथ मारपीट की थी। इस बाबत भरतकूप थाने में विभिन्न धाराओं में ट्रक चालक व ट्रक मालिक तथा स्कॉर्पियो सवार तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं। टीम में दरोगा अजहर जमाल, सिपाही लवलेश यादव शामिल रहे।

## परिवार परामर्श केन्द्र ने दम्पति के विवाद को सुलझाया

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस टीम ने आपसी पारिवारिक विवाद समाप्त कराकर सुलह से परिवार को टूटने से बचाया।

बुधवार को कोतवाली कर्वी के बनवारीपुर की श्रीमती लक्ष्मी देवी पुत्री राजबहादुर ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पति शिवकरन पुत्र मातादीन निवासी लौढ़िया खुर्द शराब पीकर मारपीट करता है। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह ने शिकायतों को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में विवाद न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की सलाह दी। आपसी सुलह होने पर दम्पति ने तालमेल से रहने का भरोसा दिया। टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह, महिला सिपाही सुरुचि चैधरी शामिल रहीं।

## डीएम ने एफएलसी के कार्य का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित बीवी पैड वेयरहाउस में जारी एफएलसी के कार्यों का निरीक्षण कर इंजीनियरों से जानकारी ली।

बुधवार को जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह से कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का एफएलसी कार्य हो रहा है, उसमें सुरक्षा व्यवस्था चैकस रहे। सीसीटीवी कैमरा लगातार संचालित रहें। जिन मशीनों का इंजीनियरों ने एफएलसी की है, उन्हें स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवायें।

इस मौके पर एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसडीएम सतीश चंद्र, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## रिंग रोड न होने से हजारों ट्रकों से कर्वी शहर बन जाता नर्क, बुंदेली सेना ने लोनिवि मंत्री को भेजा पत्र

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सूबे के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को भेजे पत्र में बुंदेली सेना ने कर्वी मुख्यालय में रिंग रोड बाई पास का जल्द निर्माण कराने की मांग की है। बाई पास न होने से कर्वी नगर में हजारों ट्रकों के आवागमन से नरक बना है। दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ट्रकों को नोइंट्री में 10-12 घंटे गुजारने पड़ते हैं। यहां की जनता चिल्ला रही है कि बाईपास चाहिए।

बुधवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि धर्मनगरी में प्रतिवर्ष कई करोड़ श्रद्धालु आते हैं। रिंग रोड बाईपास न होने से तमाम तरह की दिक्कतें लोगों को झेलनी पड़ती है। प्रशासन की ओर से नोइंट्री की व्यवस्था लागू है। नोइंट्री से बेडीपुलिया से शिवरामपुर तक नेशनल हाइवे में ट्रकों की लम्बी लाइन लग जाती है। यही हाल खोह के आगे नेशनल हाइवे का रहता है। राजापुर मार्ग में भी लोढवारा से लम्बी लाइन और हनुमानधारा मार्ग में कलेक्ट्रेट के आगे ट्रकों की कतार नजर आती है। रात्रि में दस बजे बाद जब नोइंट्री खुलती है, तब हजारों ट्रकों की सभी रोड़ों पर कतारें निकलती हैं। इस दौरान कर्वी शहर नरक हो जाता है। किसी भी सड़क में निकलना पड़े तो दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। बाहरी तीर्थ यात्री भी इस दौरान हलाकान होते हैं। बाई पास का निर्माण हो जाये तो हजारों ट्रकों को 10-12 घंटे नोइंट्री में खड़े होने से मुक्ति मिल जायेगी। कर्वी नगर की जनता भी राहत की सांस लेगी। कलेक्ट्रेट मार्ग से बनाड़ी सिद्धपुर होते हुए खोह में एक बाईपास निकालने और शिवरामपुर से राजापुर रोड में जोड़ने को रिंग रोड प्रस्तावित है। लोक निर्माण मंत्री से बुंदेली सेना ने जल्द रिंग रोड बाईपास की सौगात देने की मांग की है।

## परिक्रमा मार्ग के शेष अतिक्रमण को जल्द हटायें: डीएम, डीएम ने भादों मास की अमावस्या पर किया भ्रमण



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने भादों मास की अमावस्या मेला तैयारी बाबत परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका परिषद के सफाई निरीक्षक केके शुक्ला को निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग में हटाये अतिक्रमण का मलबा तत्काल साफ कराया जाये। जहां पत्थर टूटे हैं, वहां पत्थर बदले जायें। विद्युत वायर भी चेक की जाये।

बुधवार को डीएम अभिषेक आनन्द ने उप प्रभागीय वनाधिकारी हरि शंकर सिंह को निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग में जहां से मलबा हटाया गया है, वहां तत्काल तार फेंसिंग करायें, ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो। जिलाधिकारी में एसडीएम कर्वी व सीओ सिटी से कहा कि मेला में वाहन पार्किंग जहां बनी है, वहां देख लें, जो व्यवस्थायें न हों, उन्हें सुनिश्चित करा लें। लक्ष्मण पहाड़ी के पीछे से उप्र से मप्र जोड़ने को कनेक्टिविटी रोड जो वन विभाग की जमीन है, उसका निरीक्षण कर बतायें।

उन्होंने कहा कि परिक्रमा मार्ग के शेष अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए। निरीक्षण में एसडीएम सदर राजबहादुर, सीओ सिटी हर्ष पांडेय आदि मौजूद रहे।

# अपंग नहीं हैं डीआईओ, बैशाखी का क्यों ले रहे सहारा?

## बैशाखी को बाहर कर दें ईमानदारी का सबूत

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार अभी युवा हैं, उन्हें बहुत आगे जाना है। न वे अपंग हैं और न अपाहिज हैं, तो फिर बैशाखी का सहारा लेने को क्यों मजबूर हैं? उन्हें सरकार से अच्छा-खासा वेतन मिलता है, तो फिर बैशाखी को विभाग से बाहर क्यों नहीं निकाल देते? सवाल है कि बैशाखी/प्राइवेट कर्मी से उन्हें निश्चिततौर पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से लाभ पहुंचता होगा। ये लाभ आर्थिक या भौतिक दोनों ही हो सकते हैं।

ऐसा नहीं है तो जब जिले में बैशाखी/प्राइवेट कर्मी का बडे पैमाने पर विरोध हो रहा है तो उसे विभाग से जिला सूचना अधिकारी निकालते क्यों नहीं हैं? उप्र शासन के राजस्व परिषद के आयुक्त/सचिव अनिल कुमार यादव ने 29 अगस्त 2023 को कडे आदेश जारी किये हैं कि सरकारी कार्यालयों में प्राइवेट लोगों से कार्य न कराया जाये। ऐसे लोगों के कार्य करने से भ्रष्टाचार की शिकायतें शासन को मिल रही हैं। इसे बेहद आपत्तिजनक बताते हुए उन्होंने साफतौर पर कहा है कि प्राइवेट कर्मी के कार्य करने की शिकायतें मिलने पर गम्भीरता से लिया जायेगा। संबंधित नियोक्ता के खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेगी।

प्राइवेट कर्मी जिला सूचना कार्यालय बतौर पत्रकार पहुंचा था, आज उसने पूरे विभाग को ही हैक कर लिया है। उसके सहारे जिला सूचना विभाग संचालित होने को क्यों मजबूर हो गया है। निश्चिततौर पर बैशाखी की अवैध कमाई उसे बाहर निकाले जाने में आडे आ रही है। ऐसा नहीं है तो उसे बाहर का रास्ता क्यों नहीं दिखाया जा रहा। अवैध कमाई का हिस्सा सभी लोगों में बंटता होगा? ऐसा कुछ भी नहीं है तो जिला सूचना अधिकारी साहस दिखायें और उसे बाहर का रास्ता दिखायें, तभी उनकी ईमानदारी साबित हो सकेगी।

## शिक्षकों के सम्मानित होने पर एबीएसए ने दी बधाई

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** शिक्षक दिवस पर जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर सभागार में उत्कृष्ट शिक्षकों के सम्मान समारोह में बतौर अतिथि विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व सीडीओ अमृतपाल कौर की मौजूदगी में जिले के आदर्श शिक्षकों को सम्मानित किया गया।



विकास खंड मऊ के अरुण कुमार रजक सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय ओबरी, बजरंग बहादुर सिंह सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय कोलमजरा प्रथम, वशिष्ठ मुनि कम्पोजिट विद्यालय खप्टिहा, सुशील विश्वकर्मा सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरब पताई व आलोक कुमार श्रीवास्तव सहायक अध्यापक कम्पोजिट विद्यालय बियावल को पठन-पाठन व शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन को शिक्षक दिवस पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, डायट प्राचार्य डॉ आदर्श त्रिपाठी ने सम्मानित शिक्षकों को शुभकामनायें देते हुए उत्कृष्ट कार्य करते रहने की प्रेरणा दी। खंड शिक्षा अधिकारी मऊ कृष्ण दत्त पांडेय ने विकास खंड मऊ के सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी है।

## एक शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की एक स्कूटी व एक स्कूटी के पार्ट्स बरामद

**अखंड भारत संदेश**
**बुलंदशहर। मंगलवार को** थाना अगौता पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर ग्राम शाहनगर से एक अभियुक्त को चोरी की एक स्कूटी व एक स्कूटी के पार्ट्स एवं अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया।



अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना अगौता पर मुअसं- 143/23 धारा 411/414 भादवि व 4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है और गिरफ्तार अभियुक्त सलमान पुत्र अहमद निवासी ग्राम शाहनगर थाना अगौता का निवासी है और एक स्कूटी नं0- उ्छ-5रअद-6080 एक स्कूटी के पार्ट्स (स्कूटी का नं0- उ्छ-14रर-7564) एक अवैध चाकू वाहन काटने के उपकरण बरामद हुए है गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा स्कूटी नं0 उ्छ-14रर-7564 को दिनांक 18/08/2023 को दिल्ली के जाफराबाद से चोरी किया किया गया था जिसके संबंध में थाना जाफराबाद पर ई-एफआईआर पंजीकृत है गिरफ्तार करने वाली टीम में जितेन्द्र कुमार सक्सैना प्रभारी निरीक्षक थाना अगौता उ0नि0 कुलदीप उपाध्याय।

## जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल का गहनता से किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**
**बुलंदशहर। जिलाधिकारी** चन्द्र प्रकाश सिंह ने अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विवेक कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 प्रशान्त कुमार के साथ प्रातः 10.20 बजे औचक रूप से कल्याण सिंह राजकीय मैडिकल कॉलेज के अधीन बाबू बनारसी दास जिला चिकित्सालय एवं कस्तूरबा महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण करते हुए मरीजों को दिये जा रहे उपचार, व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान गहनता से सभी वार्डो, चिकित्सा कक्षों में जाकर मरीजों को चिकित्सकों द्वारा दिये जा रहे उपचार के बारे में जानकारी ली गई। आपातकालीन कक्ष का निरीक्षण करते हुए वहां दिये जा रहे उपचार के बारे में जानकारी लेते हुए कक्ष, वार्ड में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये गये। ओपीडी कक्ष का निरीक्षण करते हुए पृथक-पृथक कक्षों में चिकित्सकों द्वारा मरीजों को देखकर दिये जा रहे उपचार के बारे में जानकारी ली गई। वर्तमान समय में मरीजों की संख्या बढ़ने पर अत्यधिक मरीज अस्पताल आने पर मरीजों को समुचित उपचार दिलाये जाने के लिए अस्पताल में तैनात सभी चिकित्सकों को मरीजों को उपचारित करने के लिए व्यवस्थित रूप से ओपीडी करने के लिए तैनात करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मौसमी बीमारियों से मरीजों की संख्या एकाएक बढ़ गई है जिसके कारण जिला अस्पताल में अत्यधिक मरीज आ रहे हैं इसके लिए व्यवस्था बनाकर मरीजों को उपचारित किया जाये। पर्ची काउन्टर पर भी अतिरिक्त कर्मियों की ड्यूटी लगाकर मरीजों के पर्चे बनाये जायें तथा पर्चा बनाते समय उन्हें किसी कक्ष में चिकित्सक के पास जाना है उसके बारे में भी सूचित किया जाये। वार्ड का निरीक्षण करते हुए वार्ड में भर्ती मरीजों से चिकित्सकों दिये जा रहे उपचार के बारे में जानकारी ली गई।

## अमेरिका के 'दावे' पर पाकिस्तान तिलमिलाया, दूतावास ने कहा-यह दुष्प्रचार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 'दावे' पर पाकिस्तान तिलमिला उठा है। उसके दूतावास ने सफाई में अमेरिका के विदेश विभाग की वीजा के संबंध पर की गई टिप्पणी पर कठोर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पाकिस्तान के दूतावास ने कहा कि यह एक गलत सूचना है। यह उसके खिलाफ दुष्प्रचार है।



मीडिया रिपोर्ट्स में दोनों पक्षों के हवाले से इस पर चर्चा की गई है। संयुक्त राज्य अमेरिका में पाकिस्तान दूतावास ने उन रिपोर्टों को खारिज किया है जिनमें दावा किया गया था कि पाकिस्तान-अमेरिकी नागिरकों को मातृभूमि की यात्रा के लिए वीजा देने से इनकार किया जा रहा है। दूतावास ने कहा है कि यह अफवाह है। इसमें कोई सच्चाई नहीं है।

दूतावास का यह स्पष्टीकरण अमेरिका के विदेश विभाग के संवाददाता सम्मेलन के बाद आया है। इस प्रेस वार्ता में प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने पाकिस्तानी-अमेरिकियों के अपनी मातृभूमि की यात्रा के लिए वीजा खारिज किए जाने पर सवाल उठाया गया था।

## राष्ट्रपति बाइडन फिलहाल चेहरे पर मास्क लगाएंगे, लोगों से मिलेंगे फासले के साथ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने एहतियातन आवास के अंदर और लोगों से मिलते समय चेहरे पर मास्क पहनने का फैसला किया है। उन्होंने यह निर्णय प्रथम महिला जिल बाइडन की जांच में कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि के बाद किया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव जीन पियरे के हवाले से यह जानकारी दी गई है। पियरे ने संवाददाताओं से कहा, राष्ट्रपति बाइडन इस दौरान अपनी पत्नी के साथ घर पर रहेंगे और कोविड-19 के सरकारी मार्गदर्शन के अनुरूप घर के अंदर और लोगों के आसपास पर्याप्त दूरी बनाकर रहेंगे।




मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पियरे ने इस सवाल का कोई जवाब नहीं दिया कि मौजूदा परिस्थिति में राष्ट्रपति बाइडन जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने भारत जाएंगे या नहीं। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में हाल के सप्ताहों में कोविड मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है।

## बाजरे की खपत को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ आया नेपाल, संयुक्त राष्ट्र ने भी चलाया अभियान

**बोगोटा।** नेपाल बाजरे की खेती और खपत को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ सहयोग करने के लिए तैयार ही। इस बात की जानकारी कृषि और पशुपालन मंत्री बेदुराम भुशाल ने दी है। एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए बेदुराम भुशाल ने बाजरा अभियान में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए भारत को बधाई दी है और इस अन्न का नाम बदलकर इसे श्रीअन्न कर दिया। भुसाल ने बाजरे को एक मूल भोजन के रूप में दर्शाते हुए इसके उच्च पोषण मूल्यों का वर्णन किया। भारत के साथ संयुक्त राष्ट्र ने भी बाजरा की खपत को बढ़ावा देने के लिए अभियान शुरू किया है। नेपाल के कृषि मंत्री ने बताया कि इस अभियान में नेपाल नई दिल्ली के साथ हाथ मिलाने के लिए तत्पर है। साल 2021 में भारत ने यूएन में 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित करने का प्रस्ताव रखा था। इस प्रस्ताव का 72 देशों ने समर्थन किया, जिसके बाद यूएन ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित कर दिया। काठमांडू में भारतीय दूतावास ने नेपाल के कृषि और पशुपालन मंत्रालय के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने बाजरा उत्पादन के क्षेत्र में भारत और नेपाल के सहयोग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा, बाजरा जलवायु परिवर्तन और विश्व खाद्य सुरक्षा जैसी चुनौतियों समाधान है। खाद्य विशेषज्ञों ने भी बाजरे के महत्व को बताते हुए इसके उत्पादन को बढ़ाने पर जोर दिया। बाजरा मानव जाति द्वारा खेती की जाने वाली सबसे पुरानी फसलों में से एक है। मौजूदा समय में बाजार में बाजरे के विभिन्न प्रकार मौजूद है, जिसमें कोदो, फॉक्सटेल, ब्राउनटॉप, छोटा बाजरा और पोरसो प्रमुख है।

## नासा ने फोटो जारी कर दिखाई चांद की सतह के संपर्क में आए लैंडर विक्रम के धुएं से निकली रोशनी

**वाशिंगटन।** भारत का मिशन चंद्रयान-3 लगातार दुनिया भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। अब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने एक विशेष फोटो जारी कर चांद की मिट्टी के संपर्क में आए लैंडर विक्रम के धुएं से निकली रोशनी दिखाई है। नासा ने चंद्रयान-3 के लैंडिंग साइट की फोटो लेकर यहां से साउथ पोल की दूरी भी बताई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन लगातार चंद्रमा पर चंद्रयान-3 के पहुंचने के बाद से फोटो जारी कर रहा है। अब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भी एक विशेष फोटो जारी की है। नासा ने उस स्थान की फोटो अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया पर साझा की है, जहां चंद्रयान-3 उतरा था। चंद्रमा पर लैंडिंग के ठीक चार दिन बाद यानी 27 अगस्त को चांद की



कक्षा में घूम रहे नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एलआरओ) ने यह तस्वीर खींची थी। तस्वीर जारी करने के साथ ही नासा ने चंद्रयान मिशन की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा गया है कि चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से लगभग 600 किलोमीटर दूर है। लैंडिंग के चार दिन बाद एलआरओ ने लैंडर का एक तिरछा दृश्य यानी 42 डिग्री स्लीव कोण हासिल किया। साथ ही कहा कि लैंडर के आसपास दिख रही रोशनी लैंडर के धुएं के चांद की मिट्टी के संपर्क में आने से बनी है।

## अमेरिका में यूनाइटेड एयरलाइंस की उड़ानें तकनीकी समस्या के कारण हुई प्रभावित

**शिकागो।** संयुक्त राज्य अमेरिका की सबसे बड़ी विमानन कंपनी यूनाइटेड एयरलाइंस ने तकनीकी समस्या के कारण मंगलवार को कुछ समय के लिए अपनी सभी उड़ानें रोक दीं। तकनीकी समस्या को ठीक करने के बाद उड़ानें शुरू की। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एयरलाइन ने एक ई-मेल में कहा कि वह सभी विमानों को उनके प्रस्थान हवाई अड्डों पर रोक रही है। जो विमान रवाना हो चुके हैं उनकी उड़ानें गंतव्य तक जारी रहेंगी। कंपनी ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर कहा-हमने प्रौद्योगिकी समस्या के समाधान की पहचान कर ली है और उड़ानें फिर से शुरू हो गई हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने कहा है कि यूनाइटेड





ने उसे देशभर में उड़ानें रोकने के लिए कहा था। पहली घोषणा एफएए के सोशल मीडिया पेज पर 16:33 बजे पोस्ट की गई थी। इसके बाद करीब डेढ़ घंटे तक काम चला। इससे कई उड़ानें प्रभावित हुईं। उल्लेखनीय है कि जून में कंप्यूटर सिस्टम में खराबी के बाद एयरलाइन को सैकड़ों उड़ानें रद्द करनी पड़ी थीं।

## संयुक्त राष्ट्र में भारत ने चीन को घेरा, लगाए आतंकवाद पर दोहरा रवैया अपनाने के आरोप

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत ने चीन की जबर्दस्त घेराबंदी की है। भारत ने चीन पर आतंकवाद के मसले पर दोहरा रवैया अपनाने के आरोप लगाए हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि विश्व स्तर पर स्वीकृत आतंकवादियों को बिना कारण बताए काली सूची में डालने के प्रस्तावों को रोकना अनावश्यक है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रतिबंध समितियों की कार्यप्रणाली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता को लगातार नुकसान पहुंचा रही है। विश्व स्तर पर स्वीकृत आतंकवादियों के लिए वास्तविक, सबूतों के आधार पर सूची प्रस्तावों को उचित कारण बताए बिना अवरुद्ध करना अनावश्यक है। जब इसमें आतंकवाद की चुनौती से निपटने





में परिषद की प्रतिबद्धता की बात आती है तो इसमें दोहरेपन की बू आती है। रुचिरा कंबोज ने इस बात पर जोर दिया कि प्रतिबंध समितियों के कामकाज के तरीकों में पारदर्शिता आनी चाहिए। प्रतिबंध लगाने के लिए लिस्टिंग व डीलिस्टिंग में निष्पक्षता पर जोर दिया जाना चाहिए और यह राजनीतिक विचारों पर आधारित नहीं होना चाहिए। कंबोज की टिप्पणी चीन और उसके सदाबहार दोस्त पाकिस्तान का परोक्ष संदर्भ थी। बीजिंग ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने के भारत और उसके सहयोगियों के प्रयासों पर बार-बार रोक लगाई है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के आठ बार निर्वाचित सदस्य भारत की सुरक्षा परिषद के कामकाज के तरीकों में सुधार की आवश्यकता के बारे में कुछ प्रमुख चिंताएं हैं। हमें ऐसी सुरक्षा परिषद की आवश्यकता है जो आज संयुक्त राष्ट्र की भौगोलिक और विकासात्मक विविधता को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करे। सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों और अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया और प्रशांत के विशाल बहुमत सहित गैर-प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों की आवाज भी उठनी चाहिए।

## म्यांमार को 2026 में नहीं मिलेगी आसियान के नेतृत्व की अनुमति, फिलीपीन करेगा समूह की अध्यक्षता

**जकार्ता।** एशियाई राजनयिकों के मुताबिक, दक्षिण पूर्व एशियाई नेताओं ने फैसला किया है कि म्यांमार 2026 में अपने क्षेत्रीय ब्लॉक का नेतृत्व नहीं करेगा। यह म्यांमार के सैन्य शासन को हिंसक तरीके से सत्ता पर कब्जा करने के बाद वैश्विक मान्यता हासिल करने के लिए अपने सत्तारूढ़ जनरलों के प्रयासों के बीच सबसे बड़ा झटका है। अमेरिकी नेतृत्व वाली पश्चिमी सरकारों ने 2021 में म्यांमार सेना द्वारा आंग सान सू की की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को हटाने की निंदा की है और अन्य अधिकारियों के साथ उनकी तत्काल रिहाई की मांग की है। फिलीपीन ने मंगलवार को आसियान शिखर सम्मेलन में 2026 में क्षेत्रीय ब्लॉक की अध्यक्षता संभालने पर सहमति जताई। फिलीपीन के राष्ट्रपति एफ. मार्कोस ने बाकायदा इसकी घोषणा की लेकिन यह नहीं बताया कि म्यांमार ने साल भर चलने वाली आसियान अध्यक्षता क्यों खो दी। हालांकि दो आसियान राजनयिकों ने बताया, यह देश में नागरिक संघर्ष से संबंधित था और डर है कि अमेरिका व यूरोपीय संघ सहित अन्य देशों के साथ इस गुट के संबंध खराब हो सकते हैं। म्यांमार में सैन्य-नेतृत्व वाली सरकार को मान्यता न देने के कारण इसे कमजोर किया जा सकता है। मंगलवार को शिखर सम्मेलन के बाद क्षेत्रीय समूह के नेता बुधवार और बृहस्पतिवार को एशियाई-पश्चिमी नेताओं से मिलेंगे। इनमें अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी शामिल हैं, जो राष्ट्रपति जो बाइडन के स्थान पर भाग ले रही हैं। जापानी पीएम फुमियो किशिदा भी इंडोनेशिया के लिए रवाना हो चुके हैं।

## बुर्किना फासो में झड़प में 50 से अधिक सुरक्षाबलों की मौत

**डकार (सेनेगल)।** पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो में जिहादियों के साथ भीषण लड़ाई के दौरान 50 से अधिक सुरक्षाबल मारे गए और कई अन्य सैनिकों के घायल होने की भी खबर है। सेना ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

सेना के बयान के मुताबिक सोमवार को यातेंगा प्रांत के कौम्बरी प्रशासनिक जिले में 17 सैनिक और सेना की सहायता करने वाले काफी संख्या में स्वयंसेवी लड़ाके मारे गए। सेना ने कहा कि कौम्बरी से जिहादियों को पीछे धकेलने के लिए चलाए गए अभियान के तहत बड़ी संख्या में इस्लामिक आतंकवादी भी मारे गए। इस अभियान का मकसद विस्थापित लोगों की वापसी है। सेना ने जारी बयान में कहा कि



अत्यंत कायरतापूर्ण इस कृत्य को माफ नहीं किया जाएगा। फरार हुए शेष आतंकवादी तत्वों को निष्क्रिय करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब है कि बुर्किना फासो में आतंकवादी संगठन अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े हुए जिहादियों के हमलों में हजारों लोगों की मौत हो गयी है जबकि 20 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## स्वर्ण तस्करी मामले में पूर्व उपराष्ट्रपति के बेटे से सीआईबी की पूछताछ

**काठमांडू।** नेपाल के विमान स्थल से पकड़े गए एक क्विंटल सोने की तस्करी मामले में देश के पूर्व उपराष्ट्रपति नन्द किशोर पुन के बेटे से पूछताछ हुई है। इस मामले की जांच कर रही केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने पूछताछ की है।

नेपाल पुलिस के प्रवक्ता डीआईजी कुबेर कडायत ने बताया कि सोने की तस्करी में पकड़े गए चीनी नागरिकों से सीधा संपर्क होने के कारण पूर्व उपराष्ट्रपति नन्द किशोर पुन के बेटे दीपेश पुन को सीआईबी मुख्यालय में बुलाकर पूछताछ की गई। उन्होंने कहा कि दीपेश पुन से करीब चार घंटे तक पूछताछ की गई। एक क्विंटल सोने की तस्करी मामले में गिरफ्तार किए गए मुख्य अभियुक्त चीनी नागरिक दावा छिरिंग सहित कुछ अन्य आरोपितों के साथ उपराष्ट्रपति के बेटे का संबंध और लगातार हुई टेलीफोन बातचीत के रिकार्ड के बाद पूछताछ किए जाने की जानकारी पुलिस की तरफ से दी गई है। पूर्व उपराष्ट्रपति के बेटे सत्तारूढ़ माओवादी पार्टी से सम्बद्ध हैं। सोने की तस्करी के मामले में इससे पहले पूर्व स्पीकर और माओवादी उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा के बेटे राहुल महरा को पूछताछ के बाद



हिरासत में लिया जा चुका है। राहुल महरा और दीपेश पुन के बीच लम्बे समय से व्यावसायिक साझेदारी भी है।

## ब्राजील में चक्रवात से बिगड़े हालात, 24 घंटे में 300 मिमी हुई बारिश, 21 की मौत, बाढ़ का खतरा और बढ़ा

**ब्राजील।** ब्राजील में चक्रवात की वजह से हुई

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।



छतों पर ही फंस गए। इनमें से ज्यादातर को हवाई मदद के जरिए निकाला गया है। बताया गया है कि इस शहर का 85 फीसदी इलाका बाढ़ के पानी में डूबा है।

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने कहा कि संघीय सरकार राज्य की मदद के लिए तैयार है। रियो ग्रांडे डो सुल के गवर्नर एडुअर्डो लेइटे ने एक न्यूज कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि राज्य में पिछले 24 घंटे के अंदर ही 300 मिमी (11 इंच) बारिश हुई है। इससे कई जगहों पर बाढ़ और भूस्खलन हुए। राहत-बचाव कर्मियों को लोगों को निकालने के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल करना पड़ रहा है।

**फरवरी में भी आई थी ऐसी ही आपदा-** ब्राजील के साओ पाउलो राज्य में भी इस साल भारी बारिश की वजह से बाढ़ और भूस्खलन हुए थे। तब इस आपदा में 40 लोगों की मौत हुई थी। पिछले साल रेसिफे शहर में जबरदस्त बारिश से हुए भूस्खलन में 100 लोगों की जान चली गई थी। विशेषज्ञों की मानें तो ब्राजील के पास अमेजिन जंगलों की कटाई का असर जलवायु पर पड़ा है और लगातार आ रही प्राकृतिक आपदाएं इसी का नतीजा है।

## चीनी नागरिक पर्यटक बनकर रख रहे अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर नजर, एफबीआई ने देश के लिए बताया जासूसी खतरा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने लगभग 100 ऐसी घटनाओं पर नजर रखी है, जिसमें चीनी नागरिक पर्यटक के रूप में सैन्य ठिकानों और अन्य संवेदनशील स्थानों में कई बार पहुंचने की कोशिश की है। अमेरिकी अधिकारियों ने ऐसी घटनाओं को देश के लिए जासूसी खतरा बताया है। एक मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रक्षा विभाग, एफबीआई और अन्य एजेंसियों ने ऐसी घटनाओं को कम करने के लिए समीक्षा की थी, जिसमें बिना अनुमति के सैन्य अड्डों में घुसने वाले गेट क्रैशर्स भी शामिल थे। रिपोर्ट में बताया गया कि न्यू मैक्सिको में अमेरिकी मिसाइल रेंज में भी चीनी नागरिक घुसपैठ करते हुए पकड़े गए थे। वहीं फ्लोरिडा के सरकारी रॉकेट लॉन्च साइट के पास स्कूवा डाइवर बनकर गंदे पानी में तैरते हुए भी पाए गए। कुछ अधिकारियों का



मानना है कि चीनी सरकार सुरक्षा संबंधित कुछ मामलों में अपने नागरिकों के द्वारा रिपोर्ट तैयार कर रही है। एफबीआई के प्रवक्ता ने कहा, 'हमारे सूचना और बौद्धिक संपदा अधिकार के लिए सबसे बड़ा खतरा चीन ही है।' एक अन्य मीडिया सूत्र के अनुसार हाल ही में चीनी नागरिकों का एक समूह अलास्का के फोर्ट वेनराइट पहुंचा था, उन्होंने कमर्शियल होटल के रिजरवेशन होने का दावा किया था। दरअसल, फोर्ट वेनराइट आर्कटिक युद्ध पर केंद्रित अमेरिकी सेना के 11वें एयरबोर्न डिविजन का घर है।

प्रवक्ता ने कहा,'हम अपने सैनिकों की रक्षा के लिए स्थानीय, राज्य और संघीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों, खुफिया विभाग और अपने विदेशी साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।' अधिकारियों ने बताया कि ये घटनाएं ज्यादातर ग्रीमीण इलाकों में होती है, जहां सेनाओं द्वारा पकड़े जाने के बाद चीनी नागरिक पार्यटक होने का दावा करते हुए कहते हैं कि वे रास्ता भटक गए हैं। एक पूर्व अधिकारी ने चीन के इस हरकत की निंदा करते हुए कहा कि चीनी सरकार ने इसे एक खेल बना दिया है और अपने नागरिकों को इसमें झोंकने के लिए तैयार है। उन्हें यह भी पता है कि यदि कोई पकड़ा गया तो क्या होगा।

मीडिया रिपोर्ट ने ऐसी घटनाओं के बार बार होने का दावा करते हुए कहा कि कुछ साल पहले फ्लोरिडा में स्थित खुफिया केंद्र के पास कुछ चीनी नागरिकों को पानी में तैरते हुए और तस्वीरें लेते हुए देखा गया था।